तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 18.5 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 23 फरवरी 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



जरहाभाठा इंदू चौक से गर्ल्स कालेज हास्टल की ओर जाने वाली सड़क पर छाई हरियाली।

## खबर संक्षेप

### वेंकटेश परिसर में मरीजों का निशुल्क इलाज आज

**बिलासपुर।** सरकंडा सुभाष चौक स्थित वेंकटेश परिसर में रविवार 23 फरवरी को मरीजों को निशुल्क परामर्श व दवा दी जाएगी। एमडी मेडिसिन डा. अरिहंत जैन व डा.यश सोनी सुबह 10 से 12:30 बजे तक मरीजों को निशुल्क परामर्श देंगे।

### राष्ट्रीय पाठशाला में विचार मंच की गोष्ठी आज

**बिलासपुर।** रविवार को सुबह 10.30 बजे सीएमडी कालेज के पीछे स्थित राष्ट्रीय पाठशाला में विचार मंच की गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस गोष्ठी में डा. धनेश्वरी सोनी भारत में नारियों के सहारे धर्म और भारत की राजनीति विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगी। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक द्वारिका प्रसाद अग्रवाल ने दी।

### यूपीएससी: 25 तक मिलेगा करेक्शन का अवसर

**बिलासपुर।** यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की ओर से सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन प्रीलिम्स की आवेदन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब फॉर्म फिलिंग में हुई गलतियों को सुधारने का अवसर 19 फरवरी से 25 फरवरी तक दिया जाएगा। छात्र अपनी कुछ जानकारियों में संशोधन कर पाएंगे। ध्यान रहे कि इस साल 23 सेवाओं के लिए परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। देश के 80 शहरों में प्रीलिम्स और 24 शहरों में सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन मेंस का आयोजन किया जाएगा। प्रीलिम्स और मेंस के बाद इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। मेंस और इंटरव्यू के आधार पर फाइनल मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। फिर अंकों के आधार पर पोस्टिंग दी जाएगी। गौरतलब है कि हालिया विवादों के कारण यूपीएससी ने आवेदन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव भी किए हैं।

### नेहरू चौक पर आटो वालों का कब्जा




**बिलासपुर।** नेहरू चौक के पास जिला प्रशासन ने धूप और बरसात से लोगों को राहत देने बस स्टाप का निर्माण कराया है। ताकि लोग आसानी से बस या अन्य वाहन पकड़कर अपने गतंव्य के लिए रवाना हो सके। वहीं आटो चालकों द्वारा अवैध रूप गाड़ी खड़ी करने के कारण सवारियों को बस स्टाप में जगह नहीं मिलती और वे सड़क किनारे खड़े होकर गाड़ी का इंतजार करते हैं, जिसके कारण सड़क पर जाम लगा रहता है। वहीं चौक के पास ट्रेफिक पुलिस के जवान खड़े रहते हैं। लेकिन, वे भी इन आटो चालकों को हटाने की जहमत नहीं उठाते। आटो चालकों की मनमानी के कारण यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

### सुरक्षा के लिए लगा ग्रिल गायब



**बिलासपुर।** रायपुर रोड में सुरक्षित यात्रा के लिए सड़क के बीचों-बीच पौधरोपण किया गया था। साथ ही उसकी सुरक्षा के लिए लोहे के ग्रिल लगाए गए थे। लेकिन, सुरक्षा के बेहतर इंतजाम न होने के कारण आधा से ज्यादा ग्रिल गायब हो चुके हैं। वहीं सड़क के बीचों-बीच लगे पौधों को आवारा मवेशियों ने चट कर दिया है। ग्रिल गायब होने के कारण दो पहिया वाहन चालक बीच से ही गाड़ी निकलते हुए कई बार घटना का शिकार हो चुके है।

# मेडिकल कालेज का लाखों लीटर दूषित पानी होगा साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स मेडिकल कालेज के दूषित पानी को ट्रीटमेंट द्वारा साफ किया जा सकेगा। सीजीएमएससी द्वारा सिम्स मेडिकल कालेज के पीछे इफ्लुएंट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाएगा। इसके लिए स्वीकृति मिल चुकी है, सीजीएमएससी द्वारा किए जा रहे इस निर्माण के लिए प्रबंधन ने स्थान चयन कर लिया है, वहीं टेंडर और अनुबंध में समय लगा है। आचार संहिता हटते ही सिम्स में एक बार फिर प्लांट बनाने का काम शुरू किया जाएगा।

**अगले माह शुरू होने की उम्मीद**

- आचार संहिता में फंसा 50 लाख रूपए का निर्माण कार्य।

सिम्स में रोजाना हजारों लीटर पानी नालियों के सहारे अरपा नदी में जा रहा है, कुछ साल पहले अस्पताल परिसर में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाकर पानी की सफाई की जा रही है, इस पानी को ट्रीटमेंट के बाद नाली में डाला जा रहा है, लेकिन मेडिकल कालेज परिसर में ड्रेनेज टूटा-फूटा होने के कारण गंदे पानी की सप्लाई ट्रीटमेंट प्लांट तक नहीं हो रही है, वहीं ड्रेनेज सुधारने में काफी रूपए की बर्बादी होनी है, ऐसे में कालेज परिसर में ही इफ्लुएंट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा 50 लाख की स्वीकृति दी गई है, सिम्स प्रबंधन ने मरच्यूरी के पीछे की जगह का चिन्हांकन ट्रीटमेंट प्लांट के लिए कर दिया है। वहीं निर्माण के लिए सीजीएमएससी द्वारा टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई है, लेकिन आचार संहिता के कारण टेंडर नहीं खोला गया है। अधिकारियों का कहना है कि आचार संहिता हटने के बाद तत्काल अनुबंध कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

### ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण की मिली स्वीकृति



**परिसर धोने व गार्डन में होगा उपयोग :** जानकारों के अनुसार ट्रीटमेंट प्लांट से निकलने वाले साफ पानी का उपयोग परिसर को धोने और गार्डन के लिए किया जा सकता है, ऐसे में लाखों लीटर पानी की बचत होगी। साथ ही पानी को बेवजह अरपा नदी में डालने से बचा जा सकेगा। सिम्स प्रबंधन द्वारा इफ्लुएंट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की सफलता के बाद दोबारा प्लांट का निर्माण कराया जा रहा है।

### अस्पताल परिसर में शुरू कराया गया प्लांट

ज्ञात हो कि सिम्स में अस्पताल से निकलने वाले बायो मेडिकल वाटर को ट्रीटमेंट की सहायता से साफ किया जा रहा है, इसके लिए परिसर में ही इफ्लुएंट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया गया है। साल 2022 में बनकर तैयार हुए इस प्लांट का उपयोग काफी दिनों तक नहीं किया जा रहा था, लेकिन हाईकोर्ट के संज्ञान में आने के बाद इसे सुधार कर शुरू कराया गया है। रोजाना हजारों लीटर पानी साफ कर नालियों में छोड़ा जा रहा है।

### स्वीकृति मिल गई

पुरानी बिल्डिंग होने के कारण मेडिकल कालेज की पाइप लाइन अस्पताल की ओर नहीं मोड़ी जा सकी है, ऐसे में एक नया प्लांट बनाने की तैयारी है। यह प्रस्ताव मेरे आने के पहले के हैं, इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। हमने हाल ही में इसके लिए स्थान का चयन किया है, सीजीएमएससी के अधिकारियों के साथ चर्चा की गई है। जल्द ही निर्माण शुरू होगा।

**- डॉ रमणेश मूर्ति,** डीन, सिम्स

## सेंट पलोटी स्कूल ब्लास्ट मामला : 8वीं के पांच स्टूडेंट स्कूल से निकाले गए

# छात्र ने अपनी बुआ के मोबाइल से स्नैपडील एप से मंगाया था सोडियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेंट विंसेंट पलोटी स्कूल में हुए ब्लास्ट के मामले में स्कूल प्रबंधन ने पांच छात्र-छात्राओं को स्कूल से निकाल दिया है। सभी स्टूडेंट आठवीं के हैं। इसमें 2 छात्र और तीन छात्राएं शामिल हैं। इनके अभिभावकों से भी इस बारे में सहमति ले ली गई है। दूसरी ओर पुलिस और शिक्षा विभाग की जांच में बात सामने आई है कि आठवीं के इन छात्रों ने 15 दिन पहले ही स्नैपडील एप से आनलाइन सोडियम मंगाया गया था। इसमें आठवीं के एक छात्र ने अपने बुआ के मोबाइल से इसका आर्डर किया था। पुलिस बुआ से भी पूछताछ कर सकती है। जांच में यह बात भी सामने आई है कि इन पांचों स्टूडेंट ने मिलकर कुछ दिन पहले भी इसी सोडियम से एक ब्लास्ट किया था। इसे लेकर हंगामा मचा था लेकिन स्कूल प्रबंधन ने दबा दिया था। दूसरी ओर स्कूल में हुई इस घटना से अभिभावकों में काफी गुस्सा है। शनिवार की सुबह अभिभावकों ने स्कूल में जमकर हंगामा मचाया। इसके साथ ही मानवाधिकार और बाल अधिकार संरक्षण की टीम भी स्कूल पहुंची और प्रबंधन से बात की।

- मानवाधिकार और बाल अधिकार संरक्षण की टीम भी स्कूल पहुंची
- जांच में बात सामने आई, तीन दिनों से चल रही थी ब्लास्ट की प्लानिंग

सेंट विंसेंट पलोटी स्कूल के प्राचार्य सुमित बाखला के मुताबिक पांचों स्टूडेंट को स्कूल से निकाल दिया गया है। यह फैसला स्कूल प्रबंधन कमेटी ने लिया है। स्टूडेंट पर कानूनी कार्रवाई के बारे में फैसला पुलिस करेगी। स्कूल के फादर एस कुमार ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि स्कूल की कुछ छात्राएं पिछले तीन दिनों से सोडियम मेटल लेकर स्कूल आ रही थीं। वे इसे स्कूल के बाथरूम में रखकर शरारत करने की प्लानिंग कर रही थीं। इसके लिए तीन दिनों से तैयारियां की जा रही थीं। हालांकि इस सवाल का वे काई जवाब नहीं दे सके कि स्कूल प्रबंधन को छात्राओं की इस शरारत की भनक तक क्यों नहीं लग सकी। फादर सिर्फ उचित कार्रवाई की बात करते रहे।



स्कूल प्रबंधन से चर्चा करते पुलिस अधिकारी।

### सोडियम लेकर स्कूल में घूमते रहे स्टूडेंट

जांच में बात सामने आई है कि आठवीं के इन पांचों छात्रों ने मिलकर 15 दिन पहले ही स्नैपडील एप से आनलाइन सोडियम मंगाया गया था। इसमें आठवीं के एक छात्र ने अपने बुआ के मोबाइल से इसका आर्डर किया था। इसकी जानकारी बुआ को थी या नहीं इस बारे में पुलिस अपनी जांच कर रही है। सबसे बड़ी बात कि इस खतरनाक सोडियम को आनलाइन मंगाकर यह स्टूडेंट उसे स्कूल में लेकर घूमते रहे और स्कूल प्रबंधन को जानकारी तक नहीं लगी। एक सप्ताह पहले भी स्कूल परिसर में इसी सोडियम से एक ब्लास्ट हुआ था। किसी को चोंट नहीं लगी तो प्रबंधन ने मामले को दबा दिया। हालांकि उस समय भी इन्ही पांचों स्टूडेंट का नाम सामने आया था।

### छात्रों और उनके अभिभावकों का लिखित बयान

मामले की जांच के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने चार सदस्यीय टीम बनाई है। यह गंभीर घटना है। इसमें अल्का अग्रवाल( प्राचार्य चांटीडीह स्कूल), अर्चना जोशी (प्राचार्य मोपका स्कूल), डा. रीता तिवारी ( प्राचार्य कुदूदण्ड स्कूल) और डा. मोहन पटेल (प्राचार्य राजेन्द्र नगर स्कूल) शामिल हैं। यह टीम शनिवार को स्कूल पहुंची शिक्षकों के साथ ही उन पांच छात्रों और उनके अभिभावकों से पूछताछ की गई जिन पर आरोप लगा है। सभी से लिखित में बयान लिया गया है। जांच टीम में शामिल डा. मोहन पटेल ( प्राचार्य राजेन्द्र नगर स्कूल) ने बताया कि सोमवार को टीम फिर स्कूल पहुंचेगी और रिपोर्ट बनाकर शिक्षा विभाग को सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि बच्ची से बात करने के लिए टीम अस्पताल भी पहुंची थी लेकिन आईसीयू में होने के कारण मुलाकात नहीं हो सकी।



### सोमवार को फिर जांच

मामले में जांच के लिए बनी टीम स्कूल पहुंची थी। स्कूल प्रबंधन के साथ ही शिक्षकों से बयान लिया गया है। जिन स्टूडेंट पर आरोप है उनसे और उनके अभिभावकों से भी लिखित में बयान लिया गया है। सोमवार को एक बार फिर स्कूल पहुंचकर जांच करते हुए रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

**- पी दासरथी,** प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी

### अभिभावकों ने किया स्कूल में तीन घंटे तक हंगामा

सेंट विंसेंट पलोटी स्कूल में शुक्रवार को हुए एक बड़े हादसे ने स्कूल प्रशासन की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों में जबरदस्त आक्रोश है। इस घटना के विरोध में शनिवार सुबह से ही बड़ी संख्या में अभिभावक स्कूल के बाहर इकट्ठा हुए और स्कूल प्रबंधन से जवाब मांगने लगे। परिजनों का कहना है कि वे सुबह 7 बजे से स्कूल गेट पर खड़े हैं, लेकिन अब तक प्रबंधन ने उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया है। अभिभावको का कहना था कि हम लोग चाहते हैं कि स्कूल प्रशासन के इंचार्ज, फादर या प्रिंसिपल खुद सामने आकर बताए कि आखिर इस घटना की सच्चाई क्या है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर क्या कार्रवाई हो रही है। परिजनों ने इस हादसे को स्कूल प्रशासन की लापरवाही बताया और कहा कि इसे बच्चों की शरारत बताकर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है।

# जूनियर डॉक्टर से छेड़छाड़ एचओडी के खिलाफ जुर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




**सिम्स का मामला**

- सिम्स मेडिकल कालेज में मचा है हड़कंप
- डाक्टर्स फेडरेशन ने सीएम से लगाई गई थी गुहार
- कई महीने से परेशान थी जूनियर डॉक्टर

संभाग के सबसे बड़े सिम्स अस्पताल और मेडिकल कालेज के मेडिसिन विभाग के एचओडी द्वारा जूनियर डाक्टर के साथ छेड़छाड़ और उत्पीड़न करने के मामले में सिटी कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की गई है, जिसके बाद सिम्स में हड़कंप मच गया है। मामले का खुलासा होने के बाद सिम्स प्रबंधन ने प्रोफेसर को परीक्षा कार्य से अलग कर दिया था।

सिम्स अस्पताल एक बार फिर से चर्चा में है। सिम्स के मेडिसीन विभाग के एचओडी डा. पंकज टेम्भूर्णीकर पर विभाग की महिला जूनियर डाक्टर ने गंभीर आरोप लगाए थे। महिला डाक्टर ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी और पत्र लिखकर डाक्टर्स फेडरेशन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष को मामले में संज्ञान लेने की अपील की थी। इसके बाद डाक्टर्स फेडरेशन ने सीएम विष्णुदेव साय से अपील की थी। पीड़िता पोस्ट ग्रेजुएट रेसीडेंट और पीजी की छात्रा है। पीड़िता ने मेडिसिन विभाग के एचओडी पर अनुचित व्यवहार, उत्पीड़न, अनुचित स्पर्श का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पत्र में कहा था कि एचओडी डॉ टेम्भूर्णीकर द्वारा पिछले 8 माह से उत्पीड़न किया जाता रहा है। इससे पूर्व भी सिम्स के डाक्टरों द्वारा साथी महिला डाक्टर और स्टाफ के साथ ही उत्पीड़न का मामला सामने आ चुका है। पुलिस ने जूनियर डाक्टर की रिपोर्ट पर एचओडी डॉ पकंज टेम्भूर्णीकर के खिलाफ अपराध क्रमांक 104/25 बीएनएस की धारा 351, 74,78 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है। ज्ञात हो कि जूनियर डॉक्टर ने सबसे पहले मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों को घटना की जानकारी दी थी लेकिन शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया। जब मामला बढ़ा तो पहले इसे विशाखा समिति के हवाले किया गया पर कार्रवाई से बचते रहे। उच्च स्तरीय शिकायत के बाद डीन डा. रमणेश मूर्ति ने डा. पंकज टेम्भूर्णीकर को परीक्षा कार्य से पृथक कर दिया था।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

जूनियर डाक्टर ने सिम्स के एचओडी के खिलाफ लंबे समय से ड्यूटी के दौरान अश्लील हरकते करते हुए छेड़खानी करने की रिपोर्ट लिखाई है। उसकी रिपोर्ट पर डा पंकज टेम्भूर्णीकर के खिलाफ छेड़खानी का मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**- विवेक पांडेय,** टीआई सिटी कोतवाली

# बढ़ रहा दिन के साथ रात का तापमान

**बिलासपुर।** फरवरी के दूसरे पखवाड़े में दिन के साथ रात का भी तापमान तेजी से बढ़ रहा है, इससे गर्मी का अहसास होने लगा है। अगले माह तापमान तेजी से बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। आमतौर पर होली के पहले तक दिन का तापमान बढ़ता रहता है, परन्तु रात का तापमान अधिक नहीं बढ़ता, इससे रात तक ठंड का अहसास होता रहता है, परन्तु इस साल ऐसा नहीं हो रहा है। पिछले कुछ दिनों से दिन का तापमान तेजी से बढ़ रहा है, धीरे धीरे तापमान 34 डिग्री पार कर चुका है। दिन में घर से बाहर निकलने पर तेज धूप का सामना करना पड़ रहा है, लोग गर्मी से बचने के लिए चेहरे पर गमछा या स्कार्फ लपेटे दिखाई देने लगे हैं। वहीं घरों के अंदर पंखे और एसी चालू हो गए हैं। इसी तरह रात में भी तापमान बढ़ रहा है, जिससे ठंड का अहसास कम होने लगा है। इस माह के आरंभ तक लोगों को रात में गर्म कपड़ों का उपयोग करना पड़ रहा था, परन्तु अब गर्म कपड़ों की जरूरत महसूस नहीं की जा रही है। रात में भी घरों के अंदर लोगों को पंखे, एसी चलाना पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों से आसमान पर हल्के बादल छाए रहने से गर्मी के साथ हल्की उमस भी परेशान कर रही है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों में मौसम में तेजी से बदलाव होगा और तापमान बढ़ता जाएगा।

- गर्मी का होने लगा अहसास, तापमान 34 .2 डिग्री तक पहुंचा



**खुलने लगीं कूलर की दुकानें :** इस साल गर्मी आते देख शहर के विभिन्न इलाकों में तेजी से कूलर की दुकानें खुलने लगी हैं। दुकान संचालक सड़कों के किनारे बिक्री के लिए नए कूलर रखने लगे हैं। व्यापारियों को उम्मीद है कि इस साल कूलर की बिक्री अधिक होगी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल गर्मी कम पड़ने और बीच बीच में बारिश होने के कारण कूलर बेचने वालों का व्यापार काफी प्रभावित हो गया था।

## 1 लाख 47 हजार उपभोक्ताओं के घरों में लगाना है मीटर

# स्मार्ट मीटर के कारण देर से मिल रहा बिजली बिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट मीटर लगाने की शुरूआत शहर में की जा चुकी है, हाल ही में तेजी से स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, लेकिन मीटर लगाने के साथ ही बिलिंग में देरी भी हो रही है। जिन इलाकों में स्मार्ट मीटर लगाया गया है, वहां फरवरी माह का बिल देरी से पहुंचा है। ऐसे में इसकी बिलिंग में हुई लेटलतीफी की शिकायत उपभोक्ता द्वारा की जा रही है।

वर्तमान स्मार्ट मीटर की बिलिंग पोस्ड पेड मीटर की तरह ही स्पाट बिलिंग के सहारे की जा रही है। स्मार्ट मीटर लगाने के चलते कई क्षेत्रों में बिलिंग में विलंब होने की समस्या आ रही है, जूना बिलासपुर, करबला क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, लेकिन फरवरी माह का बिल 10 दिनों के अतिरिक्त दिवस पर प्राप्त हो रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त राशि देने की नौबत आ रही है। थ्री फेस कनेक्शन के उपभोक्ताओं को रीडिंग ज्यादा होने पर बिजली हाफ योजना का फायदा भी नहीं हो रहा है, जिसकी शिकायत लेकर विभाग के चक्कर लगाने पड़ रहे है। वहीं कई उपभोक्ताओं के द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने से ही इनकार किया जा रहा है, विभाग के कर्मचारी और अधिकारी ऐसे उपभोक्ताओं की जानकारी विभाग के आला अधिकारियों को दे रहे हैं।



मीटर लगाने में आ रही कई तरह की दिक्कतें



### डेढ़ लाख स्मार्ट मीटर लगाने की योजना

सिटी सर्किल के 1 लाख 47 हजार उपभोक्ताओं के घर और व्यवसायिक परिसरों में स्मार्ट मीटर लगाया जाना है। इसकी शुरूआत भी हो चुकी है, अब तक पूर्वी डिवीजन में 28300 स्मार्ट मीटर लगाए गए ह, वहीं पश्चिमी डिवीजन में 26700 मीटर लगाए जा चुके हैं, हालांकि यह सभी स्मार्ट मीटर है जिसका उपयोग प्री पेड मीटर के तौर पर किया जाएगा।

### समस्या वाली बात नहीं

मीटर लगाने के कारण बिलिंग साइकल कई बार गड़बड़ा जाती है, इसमें कोई दिक्कत वाली बात नहीं है। 2 से 4 दिनों के अतिरिक्त दिवस की गणना का अंतर ज्यादा नहीं होगा। फिर भी किसी उपभोक्ता को दिक्कत है तो बिल में सुधार किया जा सकता है।

**- एचसी चंद्रा,** ईई, पूर्वी डिवीजन

22 FEB- BSP-PG-2_Layout 1 2/23/2025 12:40 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### बंसल बने अग्रवाल महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**बिलासपुर।** समाज सेवा में अग्रणी सुमित कुमार बंसल को अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्हें यह पद उनके समाज सेवा कार्यों को देखते हुए दिया गया है। श्री बंसल समाज सेवा के माध्यम से कई कन्याओं का विवाह सम्पन्न कराया है। साथ ही समाज के गरीब विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने सहयोग प्रदान किया है। वे शहर के जानेमाने व्यवसायी है और महक इलेक्ट्रानिक एण्ड फर्नीचर के संचालक हैं। वे अपनी संस्था के माध्यम से बाजार से कम कीमत पर घरेलू वस्तुएं उपलब्ध कराते हैं। ताकि गरीब से गरीब व्यक्ति भी अपनी बेटी की शादी में सभी प्रकार की घरेलू वस्तुएं दे सके। मालूम हो कि अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा में 10 करोड़ से अधिक अग्रवाल समाज के लोग जुड़े हुए हैं। श्री बंसल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त होने से अग्रवाल समाज और व्यापारी संगठनों में खुशी व्याप्त है।

### अरपा कल्याण बाग काली मंदिर कालोनी में चलाया स्वच्छता अभियान



**बिलासपुर।** स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत की अवधारणा के अनुरूप आज अरपांचल कल्याण बाग वेलफेयर सोसायटी एवं नगर निगम बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में अरपा कल्याण बाग काली मंदिर कालोनी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके तहत कालोनी के विभिन्न हिस्सों में विशेष रूप से सफाई की गई । इस अभियान में बड़ी संख्या में सोसायटी के सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिसकी निगम के प्रतिनिधि द्वारा सराहना की गई। साथ ही सोसायटी के अध्यक्ष हीरालाल शर्मा ने स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी और अपनी कालोनी में स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। सोसायटी के संयुक्त सचिव दीपक आदित्य ने सभी के सहयोग से अपने कालोनी को स्वच्छता में नंबर एक पर रहने की आशा ब्यक्त की।

### मातृभाषा ही विश्व में सभ्यता और संस्कृति के विकास का मूल कारण



**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाय गया। प्राचार्य डॉ एस आर कमलेश के मुख्य आतिथ्य में डॉ हरिणी रानी आगर की अध्यक्षता और डॉ कल्याणी जैन, डॉ मिनाक्षी पाण्डेय, डॉ अवनीश कुसार सिंह के संयोजन तथा एमए की छात्राओं की सहभागिता से यह मातृभाषा दिवस मनाया गया। जिसमें प्राध्यापकों और छात्राओं ने मातृभाषा के महत्व एवं वर्तमान में मातृभाषाओं के संरक्षण के संबंध में विशेष चर्चा की गई। डॉ कमलेश ने कहा कि मातृभाषा ही विश्व में सभ्यता और संस्कृति के विकास का मूल कारण है। इसलिए हमें मातृभाषा के महत्व को समझने की जरूरत है। डॉ आगर ने कहा कि विदेशी भाषा के कारण मातृभाषा दरकिनार हो रही हैं, विश्व में कई बोलियां रोज मर रही हैं और कुछ भाषाएं विलुप्ति के कगार पर हैं। इसे रोकना होगा। कार्यक्रम में डॉ. जैन, डॉ मिनाक्षी और डॉ अवनीश सिंह ने छात्राओं को मातृभाषा में बात करने तथा सतत उपयोग की बात कही। छात्राओं ने अपनी मातृभाषा के प्रति जागरुक रहने व वर्तमान समय में मातृभाषा के यथोचित प्रयोग ही आवश्यकता के पक्ष में विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ अवनीश कुमार सिंह ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ मिनाक्षी पाण्डेय ने किया।

### भूमिहार ब्राम्हण समाज ने मनाई स्वामी सहजानंद की जयंती



**बिलासपुर।** स्वामी सहजानंद सरस्वती भूमिहार ब्राम्हण समाज द्वारा महमंद स्थित सामाजिक भवन में शनिवार को स्वामी सहजानंद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डा. केएन चौधरी ने स्वामी द्वारा किसानों के हित में किए गए आंदोलनों एवं सुझाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रताप पाण्डेय ने उनके योगदान को लेकर महात्मा गांधी सुभाष चन्द्र बोस स्वामी विवेकानंद वामपंथ के विचारें के प्रभाव में भी रहने का जिक्र किया। कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि सचिव सुधीर झा, आरपी सिंग व अभयनारायण राय ने किया। अतिथियों का स्वागत राजीव कुमार द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन राकेश दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमित सिंह, पंकज कुमार सिंह, प्रकाश जोशी, प्रशांत सिंह, विवेक कुमार, रजनीकांत, डीके सिंह, उमेश प्रसाद शर्मा, आचार्य मुकेश शशिकांत शर्मा, राजेश कुमार, समीर सिंह, श्रीमती शांता सिंह, संतोष कुमार राय, सागर साहू, कृष्णा साहू, समीर रजक, सचिन साहू, लव निर्मलकर सहित समाज के पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### कर्मचारी संघ की संभागीय बैठक 25 को, समस्याओं पर होगी चर्चा

**बिलासपुर।** राज्य कर्मचारी संघ की संभागीय बैठक 25 फरवरी को दोपहर 1 बजे राजेन्द्र नगर सिंचाई कालोनी स्थित संघ कार्यालय में होगी। जिसमें संभाग के सभी जिले अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष आदि शामिल होंगे। इस दौरान राष्ट्रीय निधि की समीक्षा एवं कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक में विशेष रूप से प्रांतीय अध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी, महामंत्री अश्वनी चेलक, सचिव डा. विनोद वर्मा, पेंशनर संघ के प्रदेश संयोजक बिरेन्द्र नामदेव उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी संभागीय सचिव प्रकाश सिंह एवं जिला सचिव अभिषेक तिवारी द्वारा दी गई।





## खुशियां बिखेर रहे गेंदे के फूल

**बिलासपुर।** दिन में निकल रही तेज धूप ठंड की विदाई के संकेत दे रही है, परन्तु ठंड में खुशियां बिखरने वाले फूल अब भी अपनी सतरंगी छटा बिखराए हुए हैं। इस साल ठंड में लोगों ने जमकर फूलों के पौधे लगाए, सीजनल फूल भी कई महीने तक लोगों के घरों के उद्यानों में खिलखिलाते रहे। अन्य सीजनल फूल तो अब चलाचली की बेला में हैं, परन्तु गेंदे अब भी अपनी सुंदरता का प्रदर्शन कर ही रहे हैं। इन दिनों सरकंडा स्थित कृषि विश्वविद्यालय में लगाए गए गेंदे के पौधे लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। यहां बड़ी संख्या में गेंदे के पौधे लगाए गए हैं, जो अब भी अपनी खुशबू बिखेर रहे हैं।

### जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक आठ में सर्वाधिक 14 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनावः तखतपुर, कोटा में घमासान आज, प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतिम चरण में रविवार को तखतपुर व कोटा ब्लॉक अंतर्गत 246 ग्राम पंचायतों में चुनाव होने जा रहा है, इसलिए मतदान के पहले दिन प्रत्याशियों ने वोट पाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस चुनाव में तखतपुर और कोटा में जिला पंचायत के सात निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 193 प्रत्याशी मैदान में है और सर्वाधिक 14 प्रत्याशी अनारक्षित क्षेत्र क्रमांक 8 में हैं।

- **जिपं के सात निर्वाचन क्षेत्रों में 193 प्रत्याशी**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण के चुनाव को लेकर कश्मकश जारी है। आखिरी चरण में रविवार अवकाश के दिन जिले के तखतपुर व कोटा दोनों ब्लॉक में चुनाव होने जा रहा है। तखतपुर ब्लॉक अंतर्गत जिला पंचायत के चार निर्वाचन क्षेत्र एवं कोटा ब्लॉक में तीन निर्वाचन क्षेत्र आते हैं। इस तरह से अंतिम चरण में जिला पंचायत के 7 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भी चुनाव हो रहा है, जिसमें 193 प्रत्याशी मैदान में हैं। इसमें सबसे दिलचस्प मुकाबला तखतपुर क्षेत्र क्रमांक 8 में होने जा रहा है, जहां पर अनारक्षित सीट होने के कारण सर्वाधिक 14 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। क्षेत्र क्रमांक 8 से भाजपा के समर्थित प्रत्याशी के रूप में भारती माली मैदान में हैं, वहीं कांग्रेस ने यहां पर समर्थित प्रत्याशी नहीं उतारा है फिर भी कांग्रेस के कई दावेदार मैदान में हैं। इस क्षेत्र से मीनू सुमंत यादव, राकेश कुमार तिवारी, अखिलेश कोसले, आशा यादव, अतिश सोनवानी, धनराज लहरे, दिलीप अग्रवाल, दुर्गेश बुधराम साहू, जितेन्द्र स्वर्णकार, प्रकाश बाजपेयी, रामनाथ सूर्यवंशी, रवि कुमार साहू, रोशन कुंज खाण्डे मैदान में हैं। इसी तरह क्षेत्र क्रमांक 7 में भाजपा के विनोद सिंह क्षत्री सहित अमन पटेल, चन्द्रशेखर श्रीवास, होरीलाल माथुर, ईश्वर साहू, नवीन तिवारी, अधिवक्ता पूनाराम श्रीवास, रामलोचन साहू, शिवेन्द्र प्रताप कौशिक 9 प्रत्याशी हैं। कांग्रेस ने यहां से मुक्त रखा है और किसी को समर्थन नहीं दिया है।

क्षेत्र क्रमांक 6 में भाजपा के ललिता संतोष कश्यप और कांग्रेस के हेमलता डडसेना सहित, अर्चना मनोज शुक्ला, सोनिया साहू चार प्रत्याशी हैं। क्षेत्र क्रमांक 9 से भाजपा के अम्बिका विनोद साहू व कांग्रेस के देवकली कुर्रे समेत अंजु कौशिक, ईश्वरी जैतराम निर्मलकर, मीना कुमारी सूर्यवंशी, संगीता जितेन्द्र निर्मलकर 6 प्रत्याशी हैं। इसी तरह कोटा ब्लॉक अंतर्गत क्षेत्र क्रमांक 15 में भाजपा के निरंजन पैकरा व कांग्रेस के रामचन्द्र पैकरा समेत अंधियार सिंह भानू, भोलाराम बैगा, गोपाल सिंह ध्रुर्वे, गोविंद सिंह ध्रुर्वे, ललिताबाई पैकरा, पीताम्बर पोर्ते, रामपाल मरकाम 9 प्रत्याशी हैं। क्षेत्र क्रमांक 16 से भाजपा के गीताबाई सलाम और कांग्रेस के रजनी मरकाम समेत ईतवारा मरावी, रामकुमारी राज चार प्रत्याशी हैं और क्षेत्र क्रमांक 17 में भाजपा के सती गोलू पोर्ते व कांग्रेस के शांति बुधराम मरकाम समेत आरती गौतम प्रधान, जयकुमारी, लक्ष्मीन मरावी, रागिनी ध्रुव 6 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है।



कोटा डीकेपी स्वामी आत्मानंद स्कूल में मतदान सामाग्री लेते मतदान दल के सदस्य।

### मुख्यालयों से पोलिंग पार्टियां रवाना

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराने आज तखतपुर व कोटा ब्लॉक मुख्यालयों से मतदान दलों की रवानगी हुई। मतदान दलों को मतपत्र, अमिट स्याही, स्वातिक चिन्ह, मतपेटी आदि चुनाव सामग्री के साथ निर्धारित रूटों में बस आदि वाहनों से सुरक्षा व्यवस्था के साथ रवाना किया गया और शाम तक मतदान केन्द्रों में मतदान दल पहुंचने लगे थे। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होगी और दोपहर 3 बजे तक मतदान के लिए समय निर्धारित किया गया है। तखतपुर ब्लॉक में 398 मतदान केन्द्र और कोटा ब्लॉक में 299 मतदान केन्द्रों में वोटिंग होना है।

### रलिया, लगरा में पथराव के बाद

# कोटा- तखतपुर में 1200 अधिकारी व जवान तैनात

**बिलासपुर।** मस्तूरी क्षेत्र के रलिया व सरकण्डा क्षेत्र के ग्राम लगरा में पथराव कर पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला, बवाल के बाद पुलिस प्रशासन ने अंतिम कोटा, तखतपुर पंचायत में पूरी ताकत झोंक दी है। सुरक्षा व्यवस्था में 1200 अधिकारी व जवानों की ड्यूटी लगाई है और 50 पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई, जो लगाकर मतदान केंद्रों में गश्त करेगी। इसके अलावा बड़ी संख्या में बलवा ड्रील के साथ रिजर्व बल रखा गया है।

23 फरवरी को कोटा तखतपुर क्षेत्र में त्रिस्तरी पंचायत चुनाव होना है। दोनों क्षेत्रों में कुल 697 मतदान केंद्र है, इसमें कोटा में 299 व तखतपुर क्षेत्र में 398 मतदान केंद्र हैं। इसमें कोटा में 46 व तखतपुर में 51 संवेदनशील मतदान केंद्र है। पहली पंचायत चुनाव में मस्तूरी रलिया व दूसरी चुनाव में मोपका लगरा में ग्रामीणों ने बवाल मचाते हुए जमकर पथराव का पुलिस अधिकारी व जवानों को घायल किया था। तीसरी चुनाव को एसपी रजनेश सिंह ने गंभीरता से लेते हुए पुरी ताकत झोंक दी है। 697 मतदान केंद्रों की सुरक्षा में 1200 पुलिस अधिकारी व जवानों की ड्यूटी लगाई गई है।

### रलिया, लगरा में बवाल

पहली पंचायत चुनाव में 17 फरवरी को मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम रलिया में मत पत्र छिपाने का आरोप लगाकर मतदान दल को बंधक बनाकर पथराव कर दिया गया था, जिससे मस्तूरी टीआई सहित आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए थे और पुलिस गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई थी। दूसरी बार 21 फरवरी को बिल्हा क्षेत्र के पंचायत चुनाव में मोपका लगरा में हारे प्रत्याशी व ग्रामीणों ने फिर से गिनती कराने को लेकर मतदान दल को बंधक बनाकर जमकर पथराव कर दिया गया था। सीपत टीआई सहित 4 पुलिसकर्मी घायल हो गए और 9 गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई थी। दोनों मामले में केवल चार - चार आरोपियों को पकड़ा गया है। फरार आरोपियों को नहीं पकड़ा गया है।

### लगातार करते रहेंगे पेट्रोलिंग

कोटा - तखतपुर क्षेत्र में 697 मतदान केंद्र है। इसमें कोटा में 46, तखतपुर में 51 संवेदनशील मतदान केंद्र है। यहां सुरक्षा में 1200 अधिकारी एवं जवानों की ड्यूटी लगाई है और 50 पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई है, जो लगातार पेट्रोलिंग करते रहेंगे।

**-अर्चना झा,** एडीशनल एसपी ग्रामीण

## भारत स्काउट एवं गाइड्स ने मनाया विश्व चिंतन दिवस



**बिलासपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा शनिवार को विश्व स्काउट के संस्थापक लॉर्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल की जयंती को चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन पं. देवकीनंदन दीक्षित कन्या शाला में किया गया। इस अवसर पर हमारी कहानी थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में चित्रकला, रंगोली, निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिता जैसे कई रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गई। जिनमें स्काउट, गाइड, रोवर और रेंजर ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी विचार और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि रूप में राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव, अध्यक्षता मनीष गुप्ता, विशिष्ट अतिथि विजय कुमार यादव, डा. नवनीत कौशिक, राजेश पाण्डेय, प्राचार्य श्रीमती कल्पना दुबे आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी स्काउट, गाइड रोवर्स और रेंजर्स का उत्साहवर्धन किया और विभिन्न शिविरों के प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में सरला दुबे , संतोष कुमार त्रिपाठी, जिला सचिव लता यादव, संयुक्त सचिव शत्रुहन सूर्यवंशी, जिला संगठन आयुक्त स्काउट महेंद्र बाबू टंडन, स्काउटर बांके बिहारी दुबे, सूर्यकांत खूंटे, शिवा यादव, शिव साहू, रामेश्वर धुरी, गाइडर पुष्पा शर्मा, सस्मिता शर्मा, कल्पना सिंह, डा. भारती दुबे, किरण बाला पांडे, रश्मि तिवारी , रत्ना कश्यप, रत्ना दास, स्वाति हार्डिकर, डा. पूनम सिंह, लक्ष्मी बृजवासी, संध्या तिवारी, मिंदु साण्डे, रागिनी चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज रायपुर चुनाव का मामला

## अनैतिक नियमों का छग सराफा एसोसिएशन ने किया विरोध

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज रायपुर के चुनाव संबंधित अनैतिक नियमों का छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन द्वारा विरोध किया गया है। इस संबंध में एसोसिएशन के अध्यक्ष ने चुनाव अधिकारी एवं सहायक चुनाव अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा है।



मालूम हो कि कुछ दिनों में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज रायपुर छत्तीसगढ़ संघ द्वारा अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पर के लिए चुनाव का आयोजन छत्तीसगढ़ स्तर पर होने जा रहा है, जिसमें चुनाव से संबंधित नियम में चुनाव लड़ने की पात्रता केवल रायपुर के सदस्यों की है। राज्य के अन्य जिला, क्षेत्र के सदस्यों को उक्त पद के लिए पात्रता नहीं दिया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने चुनाव अधिकारियों से स्पष्टीकरण के लिए लिखित में निवेदन करते हुए नियमावली की प्रति मंगाई। जिसमें नियमों के अनुसार उक्त पदों के लिए केवल रायपुर के सदस्य ही चुनाव लड़ सकते हैं। इसकी पुष्टि के लिए संघ के नियमावली का अध्ययन करने पर पता चला कि नियमावली की धारा-9 (1) के नियम को दरकिनार करते हुए धारा 15 में वर्णित है कि अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष नियमानुसार रायपुर या नया रायपुर में से किसी एक विधानसभा का निवासी एवं कार्यक्षेत्र का ही होगा एवं छत्तीसगढ़ के सभी राजस्व जिले, प्रत्येक जिले एवं भिलाई में उपाध्यक्ष एवं मंत्री का चुनाव होगा।

इस तरह किसी संघ के नियमावली में एक ही विषय के लिए दो अलग-अलग नियम न्यायोचित नहीं है, जिसका सराफा एसोसिएशन ने विरोध करते हुए फोरम में शिकायत करने की बात कही है। इसकी जानकारी मिलते ही एसोसिएशन के सदस्यों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

## श्री शिवम ग्राहकों को दे रहा 22 प्रतिशत की छूट



**बिलासपुर।** श्री शिवम अपने 22 वीं एनिवर्सरी में ग्राहकों के लिए शानदार आफर लेकर आया है। श्री शिवम द्वारा खरीदी पर 22 प्रतिशत की शानदार छूट दे रहा है। यह आफर 22 से 28 फरवरी तक चलाया जाएगा।

### बिजनेस प्लस

श्री शिवम मध्य भारत में फैमिली फैशन स्टोर के रूप में अपनी अद्वितीय पहचान बन चुका है। अपने ग्राहकों को उत्तम गुणवत्ता, विशाल रेंज एवं विश्वसनीयता की सौगात निरंतर दे रहा है। 22 वर्षों की लंबी यात्रा उनके ग्राहकों के प्यार, विश्वास और समर्थन का अद्भुत प्रमाण है। मैन, वुमन और किड्स फैशन वियर ना केवल आधुनिक वस्त्रों में स्टाइल का आयकान हैं बल्कि रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, नागपुर तथा छिंदवाड़ा जैसे शहरों में श्री शिवम के भव्य आकर्षक शोरूम की शान है, जो ग्राहकों को एक ही छत के नीचे शादी-ब्याह और त्यौहार तथा अन्य आकेशन पर खरीदारी को यादगार व खुशनुमा अनुभव बनाते हैं। श्री शिवम अपने 22 वीं सालगिरह उत्सव पर खरीददारी पर ग्राहकों को 11 प्रतिशत प्लस 11 प्रतिशत का दोहरा फायदा दे रहा है। यह आफर 22 से 28 फरवरी तक चलाया जाएगा। इस आफर अंतर्गत 10,000 की खरीददारी पर 11 प्रतिशत की तुरंत छूट केवल फ्रेश स्टॉक पर दी जाएगी तथा बाकी 11 प्रतिशत की छूट का कूपन दिया जाएगा। मार्च माह में खरीददारी पर इन कूपन का अमाउंट की छूट दी जाएगी।

## नवाचार के लिए आनलाइन शिक्षा आवश्यकः प्रो. चक्रवाल

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केंद्रीय विवि में 22 फरवरी को शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालयों और उनके संबद्ध महाविद्यालयों में स्वयम पाठ्यक्रमों के एकीकरण और क्रियान्वयन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सचिव प्रो. मनीष रत्नाकर जोशी थे। इसकी अध्यक्षता करते हुए विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में ज्ञान के प्रसार और अधिग्रहण में व्यापक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि नवाचार के युग में डिजिटल और आनलाइन शिक्षा केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि अस्तित्व और सफलता का भविष्य है। स्वयम जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से ज्ञान तक पहुंच छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के लिए अत्यंत लाभदायक होगी। उन्होंने विद्यार्थियों को आह्वान किया कि वे अडिग संकल्प के साथ जीवन पथ पर अग्रसर हों। उन्होंने विद्यार्थियों को क्षणिक सुख एवं लाभ से परे जाकर लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए ईमानदार प्रयत्न करने के लिए प्रेरित किया।

### नए उपाय जरूरी

मुख्य अतिथि विवि अनुदान आयोग के सचिव प्रो. मनीष रत्नाकर जोशी ने उच्च शिक्षा के एकीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने नई चुनौतियों का सामना करने के लिए नवीन उपाय अपनाने की बात कही। प्रो. जीए घनश्याम ने समग्र विकास पर केद्रिंत होनी चाहिए। वहीं शिक्षा मंत्रालय के उपसचिव रोहित त्रिपाठी, प्रो. अंबुदयशंकर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अन्य मंचस्थ अतिथियों में प्रो. बी.एस. बालाजी, प्रो. अनिल के. पाठक, प्रो. जीए घनश्याम और प्रो. अनुभूदयाशंकर एवं प्रो. मनीष श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

## दीपका मेगा प्रोजेक्ट में रैपिड लोडिंग सिस्टम से रेक लोडिंग शुरू

**बिलासपुर।** एसईसीएल कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी एफएमसी परियोजनाओं के माध्यम से सुरक्षित एवं ईको फ्रेंडली कोयला निकासी को बढ़ाने के प्रयासों में तेजी ला रही है।



इसी कड़ी में एसईसीएल की दीपका मेगा प्रोजेक्ट ने नई उपलब्धि हासिल करते हुए 21 फरवरी को अपने नवनिर्मित रैपिड लोडिंग सिस्टम और साइलो नंबर 3 और 4 से पहला कोयला रेक लोड करके सफलतापूर्वक परिचालन शुरू कर दिया है। एसईसीएल सीएमडी ने बताया कि नए चालू किए गए दीपका सीएचपी साइलो एफएमसी प्रोजेक्ट की वार्षिक कोयला निकासी क्षमता 25 मिलियन टन है, जिससे मेगाप्रोजेक्ट की डिस्पैच क्षमता मजबूत हुई है।

नए साइलो के चालू होने से पहले दीपका 15 मिलियन टन प्रति वर्ष की क्षमता वाले मेरी गो राउंड डिस्पैच सिस्टम पर निर्भर था। साइलो 3 और 4 के चालू होने के साथ दीपका की कुल कोयला डिस्पैच क्षमता अब 40 मिलियन टन प्रति वर्ष हो गई है। नए सिलो के चालू होने से एसईसीएल भारतीय रेलवे और कोयला उपभोक्ताओं को समान रूप से लाभ होगा।

### एफ़एमसी इन्फ्रा के विकास को प्राथमिकता

सीएमडी ने बताया कि कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में एसईसीएल ने पीएम गतिशक्ति योजना के तहत एफ़एमसी इन्फ्रा के विकास को प्राथमिकता दी है। एसईसीएल ने 233 एमटीपीए की कुल क्षमता की 17 फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर काम कर रहा है। इनमें से 151 एमटीपीए की कुल क्षमता वाली 9 परियोजनाएं पहले ही चालू हो चुकी हैं, जो कोयला परिवहन को आधुनिक बनाने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती हैं।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, रविवार 23 फरवरी 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

आयोजन

## देवकीनंदन स्कूल में आईएमए का जागरूकता कार्यक्रम



**बिलासपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बिलासपुर द्वारा शनिवार को देवकीनंदन स्कूल में चिकित्सकीय जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। आईएमए के चिकित्सकों ने स्कूल छात्राओं को सामान्य चिकित्सकीय परेशानी और उनके निदान के बारे में जानकारी दी। आईएमए द्वारा माह चिकित्सकीय आयोजन किया जाएगा। बिलासपुर आईएमए के अध्यक्ष डा. गोपेन्द्र सिंह दीक्षित ने बताया कि स्कूल की छात्राओं को विभिन्न प्रकार के सामान्य चिकित्सकीय परेशानियों एवं उसके निदान के बारे में जानकारी दी जाएगी, जो पूरे साल भर चलेगा। कार्यक्रम में डा. किरण देवरस, डा. बी.बी. अग्रवाल, डा.संगीता जोशी, डा. अनिल यादव, डा. नीरज शर्मा एवं डा. प्रीतीश बैनर्जी ने अपने उद्बोधन में देकर बच्चों को परीक्षा के समय में होने वाले तनाव और उस पर नियंत्रित के बारे में जानकारी दी। देवकीनंदन स्कूल की प्राचार्या कल्पना दुबे ने इस कार्यक्रम को अत्यंत सफल बताते हुए काफी उत्साह व्यक्त किया। इसमें सुधा गोपाल, डा. संगीता जोशी आईएमए बिलासपुर के सचिव डा. राजीव सखूजा आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान लगभग 100 छात्राएं उपस्थित थीं। डा. आकांक्षा दीक्षित ने प्राचार्या कल्पना दुबे के साथ मिलकर आज के कार्यक्रम और पूरे साल के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की।



## मंदिर के सामने सजाई गई आकर्षक रंगोली



# सुंदर कांड पाठ के साथ संत गजानन प्रकट उत्सव का समापन

महाराष्ट्र मंडल बिलासपुर द्वारा आयोजित चार दिवसीय संत श्री गजानन महाराज प्रकट उत्सव का समापन सुंदर कांड पाठ के साथ हुआ। इस आध्यात्मिक आयोजन में महाराष्ट्र मंडल के सभी सदस्य, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समापन अवसर पर मंडल अध्यक्ष मोहन देवपुजारी ने कहा कि यह आयोजन सभी की सामूहिक श्रद्धा और सेवा भावना से सफल हुआ है। चार दिवसीय इस कार्यक्रम में सामूहिक विजय ग्रन्थ का पाठ, भजन संध्या, पालकी यात्रा, महाप्रसाद एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। जिससे भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त हुई। आयोजन के सफल समापन पर भक्तों ने संत श्री गजानन महाराज से आशीर्वाद प्राप्त की। उन्होंने सभी भक्तों, सदस्यों, कलाकारों, प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से मिले सहयोग एवं आयोजन को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग देने वाले पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

प्रदर्शन

## छत्तीसगढ़ के गेड़ी नृत्य से होगा महाकुंभ का समापन 26 को

**बिलासपुर।** प्रयागराज के गंगा तट पर आयोजित महाकुंभ का समापन छत्तीसगढ़ के गेड़ी नृत्य से होगा। छत्तीसगढ़ राज्य के गेड़ी लोक नृत्य दल बिलासपुर को 26 फरवरी समापन दिवस में पारंपरिक आदिकाल से भी अधिक पुराना गेड़ी लोक नृत्य के प्रदर्शन के लिए आमंत्रण प्राप्त हुआ है। उत्तर प्रदेश शासन एवं भारत सरकार संस्कृति विभाग के आमंत्रण पर छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग ने बिलासपुर तिफरा में संचालित लोक श्रृंगार भारती छत्तीसगढ़ी गेड़ी लोक नृत्य दल को प्रयागराज महाकुंभ महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर प्रस्तुति के लिए अधिकृत किया है। लोक श्रृंगार भारती के 18 सदस्यीय लोक कलाकार समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार गढ़ेवाल के कुशल नेतृत्व में गेड़ी लोक नृत्य के प्रदर्शन के लिए सड़क मार्ग से रवाना हो चुके हैं। 18 सदस्यीय दल में मुख्य गायक अनिल कुमार गढ़ेवाल गेड़ी नृत्य का गायन करेंगे। वहीं सह गायक के रूप में फागुराम सूर्यवंशी, मुख्य मादर वादक एवं संगीतकार संजय रात्रे गेड़ी नृत्य मादर पर ताल देंगे। सह मादर वादक के रूप में मोहन डोंगरे वादन के साथ ही नृत्य भी करेंगे। सौखीलाल कोशले हारमोनियम वादन कर नृत्य को स्वर प्रदान करेंगे। कौड़ी एवं चीनी मिट्टी की माला, परसन वस्त्र धारण कर मुख्य नर्तक प्रभात बंजारे एवं मनोज माण्डले नृत्य करते-करते करतब भी दिखाएंगे। सह गेड़ी नर्तक के रूप में लक्ष्मीनारायण माण्डले, चेतन कुर्रे, सूरज खाण्डे, चंद्रशेखर केंवट, अमित भार्गव तथा फूलचंद ओगरे गेड़ी नर्तकों के कंधों पर खड़ा होकर गेड़ी को हवा में लहराएंगे।



## महिलाओं ने की मां शारदा की पूजा, गाए गीत



**बिलासपुर।** श्री चन्द्रपुरिहा कसौंधन वैश्य समाज गुप्ता महिला मण्डल द्वारा सामाजिक भवन करबला रोड में सरस्वती पूजा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी महिलाओं ने पीले कलर की साड़ी भाग लिया एवं सबने मिलकर ज्ञान की देवी मां शारदा की पूजा-अर्चना की।

कार्यक्रम में संस्था की सदस्यों ने बसंत पंचमी और महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में गीत-संगीत व कविताएं सुनाई। इससे माहौल एकदम आनंदमयी और उत्साह पूर्ण हो गया। इस कार्यक्रय का आयोजन अध्यक्ष मधु गुप्ता, सचिव वीणा बबली गुप्ता, कोषाध्यक्ष शिल्पा गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। आकर्षक गेम्स एवं हाउजी खेले गए। समय बद्धता का पुरस्कार शोभा गुप्ता और ओके का पुरुस्कार अंजू गुप्ता को दिया गया। गेम की विजेता चन्दा गुप्ता रही। द्वितीय पुरस्कार बबली गुप्ता, तृतीय पुरस्कार रजनी गुप्ता, चतुर्थ पुरस्कार मंजू शाह को दिया गया।



### दिया गया हेल्थ टिप्स

कार्यक्रम में दिलेश्वर पटेल ने हेल्थ टिप्स दिया और बताया कि हमेशा संतुलित भोजन लेने का प्रयास करें। इससे स्वास्थ्य ठीक रहता है। इंसान का स्वास्थ्य सबसे बड़ी पूंजी है। यदि स्वास्थ्य ठीक रहा तो इंसान कुछ भी कर अपना जीविका चला सकता है। आगे बढ़ सकता है।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में सुधा साव, सुचित्रा साव, पूर्णिमा गुप्ता, शशि गुप्ता, उषा शाह, शारदा गुप्ता सहित अन्य सदस्य शामिल हुए। इस कार्यक्रम की होस्ट चन्द्रलेखा साव, अरुणा गुप्ता, शोभा गुप्ता, पूर्णिमा सुनील गुप्ता, स्नेहा गुप्ता और रूपाली गुप्ता रही।

## शहर के युवक ने भारत रंग महोत्सव में सजाया मंच

**बिलासपुर।** शहर के तकनीक विशेषज्ञ अरुण भांगे ने खैरागढ़ में आयोजित रंग महोत्सव में खैरागढ़ विश्वविद्यालय द्वारा डॉ योगेन्द्र चौबे के निर्देशन में प्रस्तुत नाटक बहादुर कलारिन में मंच सज्जा में सहयोग दिया।

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में देश दुनिया के विद्यार्थी नाटक की दीक्षा लेने आते है, उस संस्थान द्वारा इतने बड़े आयोजन में शहर के कलाकार को तकनीकी सहयोगी के रूप में नियुक्त करना बिलासपुर के लिए उपलब्धि की बात है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली के सालाना आयोजन दिल्ली के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर देश के दस स्थानों में भी आयोजित किया जाता है। इस वर्ष आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप देते हुए इसका आयोजन श्रीलंका और नेपाल में भी किया गया। भारंगम नाम से पहचाने जाने वाले इस 20 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय नाट्य महोत्सव में देश-विदेश से आमंत्रित विभिन्न भाषा व बोली के लगभग 190 नाटकों की प्रस्तुतियां हुई। इसी तारतम्य में इस वर्ष इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ को भी इस आयोजन की एक इकाई के रूप में चुना गया। जहां 4 से 9 फरवरी तक भोपाल, कोलकाता, आसाम, मुंबई, पुडुचेरी, पुणे के नाट्य समूहों की प्रस्तुतियों के साथ सफल आयोजन हुआ।

### कई नाट्य समूहों ने दी प्रस्तुति



कार्यक्रम

## बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण स्वच्छता विषय पर दी जानकारी



**बिलासपुर।** कन्या शाला स्कूल केंद्र की बालिकाओं को आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी ने माहवारी स्वच्छता विषय की जानकारी दी। डॉ रश्मि जितपुरे ने सभी बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस कार्य में लायंस क्लब वसुंधरा ने अपनी भागीदारी की।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर लखराम व लायंस क्लब वसुंधरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में सचिव अर्चना तिवारी, सलमा बेगम, कोषाध्यक्ष सुधा परिहार, औषधालय के समस्त कर्मचारी एवं उनके स्टाफ ने सभी को निःशुल्क आयुर्वेदिक दवाईयों का वितरण किया। उदर रोग, पाण्डु सहित शारीरिक समस्याओं के निवारण हेतु सभी का परीक्षण कर स्वास्थ्य संबंधी भी जानकारी दी। लायंस क्लब वसुंधरा द्वारा क्लब प्रोजेक्ट बालिका सम्मान के अंतर्गत सभी बच्चियों को 100 सेनेटरी पैड का भी वितरण किया गया। इस मौके पर रश्मि लता मिश्रा, संजना मिश्रा, अणिमा मिश्रा, चांदनी सक्सेना, सुजाता, मंजू मिश्रा, उषा मुदलियार, हंसा सेलारका, मंजुला सिंदे, मंगला कदम, विनीता मिश्रा, मंजू तिवारी, रत्ना खरे, साधना दुबे, वायला सिंह, शोभा चाहिल, गायत्री कश्यप, प्रिया शर्मा, शारदा कश्यप, अंबुज पांडेय, मंजुला शिंदे, प्रधान पाठक जोहनलाल बैसवाड़े, अनिता सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर लायंस क्लब वसुंधरा का आयोजन**

स्पोर्ट्स न्यूज

## सीवीआरयू में स्टैंड बॉल ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप

**बिलासपुर।** डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ओपन स्टैंड बॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया. इस अवसर पर पांच राज्यों के 8 विश्वविद्यालय के खिलाड़ी शामिल हुए. जिसमें बालिका और बालक वर्ग दोनों के खिलाड़ियों ने दो दिन तक खेल का प्रदर्शन किया. यहां आयोजन 21 और 22 फरवरी को किया गया है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीआरपीएफ के डीआईजी राजकुमार ने कहा कि बड़े गर्व की बात है कि स्टैंड बाल का जन्म बिलासपुर में हुआ है., और हम इस खेल को आज राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में देख रहे हैं. उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है. खेल को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलती है. उन्होंने इस आयोजन के लिए विश्वविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी. विश्वविद्यालय के कुलपति रवि प्रकाश दुबे ने कहा कि विश्वविद्यालय की नैसर्गिक की प्रतिभाओं को निखारने के लिए खेलकूद को विशेष महत्व दिया जा रहा है . यही कारण है कि हमारे विद्यार्थी खेलो इंडिया खेलों से लेकर वैश्विक स्तर तक योग में भी अपने प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दो दिनों तक विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है. हमारा विश्वास है, कि बिलासपुर के स्टैंड बॉल खेल को वैश्विक स्तर तक यही विद्यार्थी पहुंचाएंगे. चैंपियनशिप में अटल बिहारी विश्वविद्यालय बिलासपुर, रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज, पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल, तुकोजी विश्वविद्यालय महाराष्ट्र, विक्रम विश्वविद्यालय मंदसौर,कानपुर विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, और मेजबान डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के विद्यार्थी खिलाड़ियों ने दो दिनों तक स्टैंड बॉल पर जोहर दिखाएं . दूसरा दिन समापन समारोह आयोजित किया गया. जिसमें चयनित टीमों की शानदार भिड़ंत हुई .उसके बाद समापन समारोह में अतिथियों ने विजेता विजेता और अन्य सभी टीमों को पुरस्कृत भी किया इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट मयंक डडसेना, नेहरू युवा केंद्र मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के डायरेक्टर अतुल जे निकम, डॉ दिनेश यादव, डॉ एम के तिवारी,डॉ जयशंकर यादव ,डॉ ब्रह्मेश श्रीवास्तव, उपस्थित थे. दो दिनों तक चले चैंपियनशिप में..बालक वर्ग में अटल विश्वविद्यालय विजेता रहे एवं भिलाई सी एस वी टी यू विश्वविद्यालय उपविजेता रहे. तृतीय स्थान शंभूनाथ शुक्ल वि वि रही।इसी तरह बालिका वर्ग में विजेता पं शंभूनाथ शुक्ल वि वि शहडोल एवं .अटल वि वि बिलासपुर उपविजेता रहे। तृतीय स्थान डॉ सीवी रमन वि वि रही।.इस अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी और विश्वविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित थे।



### एआईयू में शामिल करने होगा प्रयास

विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी ने कहा कि कोटा ही नहीं समस्त छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय हमेशा प्रयास रात रहता है .बिलासपुर में जन्मे स्टैंड बॉल खेल को भी हम विश्व स्तर पर पहुंचाना चाहते हैं. इसके लिए सबसे पहले ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी संगठन में इस खेल को शामिल करने के लिए प्रयास किया जाएगा. प्राथमिक चरण में इसके लिए पत्राचार किया गया है. हमारा विश्वास है कि यह खेल जल्द ही ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी संगठन में शामिल होगा और बिलासपुर का नाम पूरे भारतवर्ष में इस खेल के माध्यम से जाना जाएगा।

सभी निशानेबाज़ राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त कर चुके हैं पदक



## डीपीएस की टीम इंडियन शूटिंग टीम ट्रायल के लिए दिल्ली रवाना

दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर की शूटिंग टीम इंडियन शूटिंग टीम ट्रायल के लिए शनिवार को न्यू दिल्ली के लिए रवाना हो गई। यह सभी निशानेबाज़ राष्ट्रीय स्तर में प्रतिनिधित्व कर पदक प्राप्त कर चुके हैं। इनका चयन भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर हुआ है।

खेल विभाग प्रमुख मनोज कश्यप ने बताया कि न्यू दिल्ली के डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 24 से 28 फरवरी तक आयोजित इंडियन टीम के लिए ट्रायल रखा गया है। जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर की शूटिंग टीम में मनीत कौर मक्कड़, कृतिका ठाकुर, जिज्ञासा प्रधान एवं आरना कुरैशी शामिल है। दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर के शूटिंग कोच पवन दुबे स्वयं एक राष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज होने के साथ ही पदक विजेता भी रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमारे स्कूल के निशानेबाजों ने बहुत कड़ी मेहनत की है और निश्चित रूप से इंडियन टीम में अपनी जगह बनाएंगे। यह विद्यालय के साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य के लिए बहुत ही गौरव की बात है। निशानेबाजों की इस उपलब्धि एवं अच्छे प्रदर्शन के लिए संस्था के प्राचार्य जसपाल सिंग मथ, प्रशासनिक अधिकारी आरसी मोहंती, खेल विभाग प्रमुख मनोज कश्यप, रॉबिंसन जॉन, राजनारायण श्री मोर, निरूपा विश्वास, अनुपम वर्मा, शूटिंग कोच पवन दुबे सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी है।

22 FEB- BSP-PG-4_Layout 1 2/23/2025 12:23 AM Page 1





# धनश्री वर्मा को तलाक के बाद मिली 60 करोड़ की एलिमनी

**मुंबई।** क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा का तलाक हो चुका है। दोनों आपसी सहमति से एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। उनके बीच अलगाव की खबरें तो काफी समय से आ रही थीं, लेकिन अब जाकर कानूनी रूप से युजवेंद्र और धनश्री एक-दूसरे से अलग हुए हैं। यह चर्चा जोरों पर थी कि तलाक के बाद युजवेंद्र ने धनश्री को 60 करोड़ रुपये की एलिमनी दी है। अब इस मामले में धनश्री के परिवार ने चुप्पी तोड़ दी है। धनश्री के परिवार के एक सदस्य ने नाम न बताने की शर्त पर बॉम्बे टाइम्स से कहा, एलिमनी को लेकर जो झूठी खबरें फैलाई जा रही हैं, हम उनसे बहुत दुखी हैं। मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं...न तो इतनी रकम कभी मांगी गई, ना ही हमारे सामने पेशकश की गई।

## लाइफStyle



# कृति
## इस साल नहीं करेंगी शादी

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री कृति सैनन पिछले काफी समय से बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ अपने अफेयर को लेकर चर्चा में हैं। खबर है कि दोनों इस साल शादी करने वाले हैं। हाल ही में कृति अपने बॉयफ्रेंड कबीर के घरवालों से मिलने दिल्ली पहुंचीं। अब ताजा खबर यह है कि कृति इस साल शादी नहीं करेंगी।

दरअसल, अभिनेत्री इस वक्त अपनी आगामी परियोजनाओं की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसके चलते वह इस साल शादी के बंधन में नहीं बंधेगी। कृति इन वक्त दिल्ली में हैं और अपनी आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' की शूटिंग कर रही हैं। इसके तुरंत बाद कृति अपनी अगली फिल्म की तैयारी शुरू कर देंगी, जो 'कॉकटेल' का सीक्वल हो सकता है। एक सूत्र ने कहा, इस साल कृति के पास समय ही कहां है? वह अभी दिल्ली में हैं और 'तेरे इश्क में' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके बाद वह एक सीक्वल की शूटिंग करेंगी।बीच में कोई ब्रेक नहीं है।

**बेंगलुरु में एक शादी में शामिल हुए थे कबीर और कृति :** पिछले दिनों कबीर और कृति को बेंगलुरु में एक शादी में साथ देखा गया था, जहां दोनों ने कपड़े भी एक ही रंग के पहने हुए थे और दोनों शादी का जमकर लुत्फ उठा रहे थे। बता दें कि 1999 में लंदन के एक अमीर परिवार में जन्मे 25 साल के कबीर ने 2018 में इंग्लैंड के बोर्डिंग स्कूल मिलफील्ड में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। कबीर ब्रिटेन की एक बड़ी ट्रेवल एजेंसी के मालिक कुलजिंदर बहिया के बेटे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# अभिनय के बाद निर्देशन में उतरेंगी

**लॉस एंजिल्स।** 'टाइटैनिक' फेम अभिनेत्री केट विंसलेट अभिनय में दमखम दिखाने के बाद निर्देशन के क्षेत्र में पदार्पण करने वाली हैं। हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, केट नेटफ्लिक्स के लिए 'गुडबाय जून' नामक फीचर फिल्म का निर्देशन करने के लिए तैयार हैं। ऑस्कर विजेता अभिनेत्री इस फिल्म में अभिनय भी करेंगी और इसका निर्माण भी वही कर रही हैं।फिल्म में टोनी कोलेट, जॉनी फ्लिन, एंड्रिया राइजबोरो, टिमोथी स्पाल और हेलेन मिरेन मुख्य भूमिका में होंगे। फिल्म की पटकथा विंसलेट के पूर्व पति सैम मेंडेस के बेटे जो एंडर्स ने लिखी है।



# भारत में धूम मचाने को तैयार रैपर एमिनेम...

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रैपर, गीतकार और रिकॉर्ड निर्माता एमिनेम उर्फ मार्शल ब्रूस मैथर्स के प्रशंसक दुनियाभर में फैले हुए हैं। भारत में भी उनकी दीवानगी प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोलती है। एमिनेम पहली बार भारत में धूम मचाने के लिए तैयार हैं। एमिनेम ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपने विश्व दौरे का ऐलान किया है, जिसकी शुरुआत 15 मार्च, से लॉस एंजिल्स से होगी और 22 जून, 2025 को वह मेलबर्न में अपने इस दौरे का समापन करेंगे। इस बीच 3 जून, को एमिनेम मुंबई में प्रस्तुति देने जा रहा हैं। उन्होंने लिखा, 'इंतजार खत्म हुआ। आखिरकार 3 जून को अपने पहले इंडिया शो के लिए मुंबई आ रहा हूं, जो मेरे 2025 वर्ल्ड टूर का हिस्सा है।' एमिनेम को 'मॉकिंगबर्ड', 'लूज योरसेल्फ', 'विदाउट मी', 'रैप गॉड', 'स्टेन', 'द रियल स्लिम शेडी' और 'नॉट अफ्रेड' जैसे गानों के लिए जाना जाता हैं।



# ऋचा व अली की शॉर्ट फिल्म हुई रिलीज

**मुंबई।** ऋचा चड्ढा और अली फजल काफी समय से अपनी शॉर्ट फिल्म 'टॉप्स' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसकी कहानी समलैंगिक रिश्ते पर आधारित है। इसमें उल्लास सम्राट और रोहित मेहरा मुख्य भूमिका में हैं, वहीं सुधांशु सरिया इस फिल्म के निर्माता हैं। अब सुधांशु के जन्मदिन के मौके पर इसे यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म को आप लोटस विजुअल प्रोडक्शंस के यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। शॉर्ट फिल्म 'टॉप्स' का निर्देशन अरविंद कौलागी ने किया है। फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। इसके अलावा ऋचा अपनी आगामी को लेकर 'आखिरी सोमवार' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसकी कहानी खुद ऋचा ने लिखी है। अभिनेत्री और निर्माता के बाद राइटर बन गई हैं।



# अक्षय ने निर्देशक अरुण से मिलाया हाथ

**मुंबई।** अक्षय कुमार पिछली बार फिल्म 'स्काई फोर्स' में नजर आए थे, जिसने बॉक्स ऑफिस पर औसत कमाई की थी। हालांकि, अक्षय ने फिल्म में अपने अभिनय के जरिए खूब वाहवाही लूटी थी। आने वाले दिनों में अक्षय की कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं और अब उनके खाते से एक नई फिल्म जुड़ गई है। दरअसल, अक्षय पिछली बार धनुष के साथ 'कैप्टन मिलर' लेकर आए निर्देशक अरुण माथेश्वरन की अगली फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अरुण माथेश्वरन बॉलीवुड में आने की तैयारी कर रहे हैं और अपनी पहली हिंदी फिल्म के लिए वह अक्षय के साथ बातचीत कर रहे हैं। अक्षय को उनकी फिल्म की कहानी पसंद आई है और वह इसका हिस्सा बनने के लिए अपनी रजामंदी भी दे चुके हैं।

## टीवी मसाला



# सलमान-अमिताभ के बाद कपिल बने हाइएस्ट फीस वाले एक्टर...

**मुंबई।** कपिल शर्मा अपना शो लेकर टीवी से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर पहुंच गए हैं। उनका दी ग्रेट इंडियन कपिल शो नेटफ्लिक्स पर आया है। अभी तक इसके दो सीजन आ गए हैं। अब ओटीटी प्लेटफॉर्म ने तीसरे सीजन की तैयारी शुरू कर दी है। बीते दिनों नेटफ्लिक्स ने अनाउंस भी किया। इस शो के दो सीजन को अच्छी सफलता मिली। इसमें कई नेशनल और इंटरनेशनल स्टार भी पहुंचे हैं। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का तीसरा सीजन भले ही अभी शुरू नहीं हुआ है। लेकिन इसमें परफॉर्म करने वाले एक्टर्स की फीस सामने आ रही हैं। मिड डे की रिपोर्ट की माने तो शो के लिए कपिल शर्मा ने 5 करोड़ रुपए की फीस चार्ज की है। वहीं, सुनील ग्रोवर को 25 लाख प्रति एपिसोड, अर्चना पूरन सिंह और कृष्णा अभिषेक 10-10 लाख रुपए प्रति एपिसोड और किकू शारदा को 7 लाख रुपए प्रति एपिसोड मिल रहे हैं। कपिल शर्मा नेटफ्लिक्स से हर एपिसोड से 5 करोड़ रुपए ले रहे हैं। वहीं, अमिताभ बच्चन भी केबीसी के एक एपिसोड के लिए 5 करोड़ रुपए चार्ज करते हैं। एक एपिसोड के लिए सबसे ज्यादा फीस सलमान खान चार्ज करते हैं। उन्होंने बिग बॉस 17 के लिए 12 करोड़ रुपए की फीस ली थी। ऐसे में कपिल शर्मा तीसरे सबसे बड़े सेलेब्रिटी हैं, जो एक एपिसोड के लिए करोड़ों रुपए चार्ज करते हैं।

बता दें, कपिल शर्मा का 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' साल 2024 में शुरू हुआ था। तब नेटफ्लिक्स ने पहले सीजन में 13 एपिसोड रिलीज किए थे। लेकिन सीजन की सफलता देखते ही उन्होंने दूसरे सीजन की अनाउंसमेट कर दी थी। अब जल्द ही वो तीसरा सीजन लेकर आएंगे। हालांकि ये जानकारी सामने नहीं आई है कि इस सीजन में कितने एपिसोड होंगे और कौन-कौन गेस्ट होगा।

वहीं, कपिल के शो के को-स्टार कृष्णा अभिषेक ने एक व्लॉग शेयर किया है। इसमें उन्होंने अपने शो के हिट होने का मंत्र बताया है। उन्होंने कहा, दूसरे सीजन की जब लॉन्चिंग हुई थी। तब इन्होंने (नेटफ्लिक्स) पोलका डॉट्स वाले कपड़े नहीं पहनने है। लेकिन कपिल भाई ने वही पहने थे। बाद में पता चला कि दूसरा सीजन हिट हुआ। तब से मेरा ऐसा मानना है कि जो ये लोग बोलें आप बिल्कुल मत करो।

# संगीतकार प्रीतम चक्रवर्ती के 40 लाख रुपए चुराने वाला ऑफिस बॉय सांबा से गिरफ्तार

**मुंबई।** 1938 में, रवींद्रनाथ टैगोर ने कथा काव्य संग्रह में परिशोध कविता में लिखा था:-

*राजकोष से चोरी! पकड़ो चोर को,*
*नहीं तो, नगरपाल, रक्षा नहीं तेरी,*
*मुण्ड रहेगा नहीं देह पर...*
*राजा के शासन में रक्षी दल*
*घर-घर, गली-गली चोर ढूंढते फिरते हैं...*

यह 2025 है। राजकोष से तात्पर्य बॉलीवुड के प्रसिद्ध संगीत निर्देशक प्रीतम चक्रवर्ती के ऑफिस से है। यहां से चोरी किए गए 40 लाख रुपये लेकर फरार हुए चोर को मुंबई पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के सांबा शहर से गिरफ्तार कर लिया। चोर कोई और नहीं, बल्कि प्रीतम चक्रवर्ती के ऑफिस का ऑफिस बॉय था।



उसका नाम आशिष बुटीराम सायल है, उम्र 32 वर्ष। 4 फरवरी को दोपहर करीब 2 बजे, मुंबई के उत्तर-पश्चिम उपनगर गोरेगांव में स्थित प्रीतम चक्रवर्ती के ऑफिस **Unimas Record Private Limited** से आशिष बुटीराम ने 40 लाख रुपये की नकदी चुरा ली। यह राशि फिल्म इंडस्ट्री के एक क्लाइंट से प्राप्त हुई थी और प्रीतम चक्रवर्ती के सचिव, विनीत छेड़ा, ने इसे ऑफिस में एक ट्रॉली बैग में रखा था। योजना थी कि थोड़ी देर बाद विनीत यह पैसे प्रीतम चक्रवर्ती के घर लेकर जाएंगे और उनसे कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराएंगे। हालांकि, जब विनीत थोड़ी देर के लिए किसी और काम से बाहर गए और वापस लौटे, तो उन्होंने देखा कि ट्रॉली बैग गायब है। उन्होंने तुरंत आशिष बुटीराम को फोन किया, लेकिन उसका मोबाइल बजता रहा और कुछ देर बाद स्विच ऑफ हो गया। यह देखकर विनीत को संदेह हुआ और उन्होंने तुरंत प्रीतम को सूचना दी। प्रीतम ने विनीत को मलाड पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराने को कहा। एफआईआर दर्ज होने के बाद, मलाड पुलिस ने गोरेगांव, मलाड, कांदिवली, चारकोप, वर्सोवा और मार्वे रोड क्षेत्रों में लगे लगभग 150 से 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की। फुटेज में देखा गया कि आशिष बुटीराम कांदिवली इलाके में एक ऑटो-रिक्शा से उतरा, फिर कभी पैदल, कभी ऑटो-रिक्शा से सात-आठ घंटे तक अलग-अलग इलाकों में घूमता रहा।

# *सांसें थाम देने वाली मर्डर मिस्ट्री, बॉक्स ऑफिस पर 10 गुना कमाई कर मचाया तहलका, बनी 2025 की पहली सुपरहिट*

## मलयालम भाषा की इस साल की पहली सुपरहिट फिल्म 'रेखाचित्रम'

**मुंबई।** साउथ सिनेमा का बीते कुछ साल से जलवा रहा है और बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई की है। इस साल भी साउथ सिनेमा की कुछ फिल्में अब तक खूब पैसा कमा चुकी हैं। हम आपके लिए बीते महीने रिलीज हुई एक सांसें थाम देने वाली मर्डर मिस्ट्री लेकर आए हैं। इस फिल्म की कहानी ने लोगों का दिमाग हिला दिया था। इतना ही नहीं इस हत्या और हत्यारे की खोज में लोग ऐसे उलझे थे कि कहानी कब खत्म हो जाती है पता ही नहीं चलता। इस फिल्म ने न केवल कहानी के दम पर लोगों को रिझाया बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी 10 गुना कमाई कर होश उड़ा दिए हैं। इस फिल्म का नाम है 'रेखाचित्रम' बीते महीने की 9 जनवरी को ये मलयालम फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



### मर्डर मिस्ट्री ने उड़ाया था लोगों के होश

इस मर्डर मिस्ट्री फिल्म की कहानी को लोगों ने खूब पसंद किया था। फिल्म को 'जोफिन टी चाको' ने डायरेक्ट किया था। साथ ही लीड रोल में आसिफ अली, अनश्वरा राजन और मनोज के जयन नजर आए थे। कहानी जॉन मंथ्रिलल, रामू सुनील ने डायरेक्टर जोफिन के साथ मिलकर लिखी थी। फिल्म की कहानी एक हत्या की गुत्थी में उलझी हुई है जिसे सुलझाने के लिए एक खास पुलिस अधिकारी को बुलाया जाता है। अंत में दर्शकों को सारे सवालों के जवाब मिल जाते हैं।

### मलयालम भाषा की इस साल की पहली सुपरहिट

'रेखाचित्रम' फिल्म मलयालम भाषा में बनी इस साल की पहली सुपरहिट फिल्म भी बन गई है। महज 6 करोड़ रुपयों की लागत से बनी इस फिल्म ने कमाई के मामले में रिकॉर्ड तोड़ दिया है। फिल्म ने कुल 55 करोड़ रुपयों से ज्यादा का कलेक्शन सभी को चौंका दिया है। इतना ही नहीं ये फिल्म 10 गुना कमाई कर मलयालम भाषा की पहली सुपरहिट फिल्म बन गई है।

***ओटीटी पर जल्द ही होगी रिलीज :*** अब जल्द ही इस फिल्म को ओटीटी पर भी देखा जा सकता है। फिल्म की कहनी की भी जमकर तारीफ हुई है। साथ ही फिल्म के रिलीज के साथ ही इसका रिव्यू भी काफी अच्छा रहा था।

## हंसी और मजाक के साथ-साथ गंभीर मुद्दों को भी छुआ

# पंचायत के 'बनराकस' से भी ज्यादा हंसाकर लोटपोट कर देंगी ये वेब सीरीज

***मुंबई।** पंचायत वेब सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो का एक बेहतरीन कॉमेडी शो है, इसे आप आसानी से स्ट्रीम कर सकते हैं। यह वेब सीरीज ग्रामीण भारत की जिंदगी और उसके विभिन्न पहलुओं को एक हल्के और कॉमेडी पूर्ण तरीके से दिखाती है। इसकी कहानी एक युवा इंजीनियर के बारे में है, जो एक सरकारी नौकरी मिलने के बाद एक छोटे से गाँव में पंचायत सचिव के रूप में काम करने आता है। यह सीरीज न सिर्फ समाज के विभिन्न वर्गों और उनके संघर्षों को दिखाती है, बल्कि इस पूरे सफर को बहुत ही सहज और मनोरंजक तरीके से पेश करती है। अगर आप पंचायत से मिलती जुलती हंसा-हंसाकर लोटपोट कर देने वाली सीरीज देखना चाहते हैं जानिए इनके बारे में।*

**जमाई राजा :** यह एक बहुत ही शानदार ड्रामा शो है जिसमें सामाजिक वर्गों और परिवारिक रिश्तों को अच्छे तरीके से दिखाया गया है। इसमें रोमांस और कॉमेडी का अच्छा मिश्रण देखने को मिलता है। अगर आप इस सीरीज-शो को देखना चाहते हैं तो आप इसे आसानी से जी5 पर देख सकते हैं। इस शो में भी आपको एक परिवार और परिवार के लोगों के बारे में काफी कुछ जानने को मिलने वाला है, इसे देखकर आपको लगने वाला है कि हर एक घर में इस शो वाला किरदार तो होता ही है।



**गुल्लक :** यह वेब सीरीज एक आम मिडल क्लास परिवार की जिंदगी को दिखाती है, जहां हर रोज की छोटी-छोटी बातें और घटनाएं हंसी का कारण बनती हैं। कहानी में मिश्रा परिवार के सदस्य अपने रोजमर्रा के कामों में जो कुछ भी करते हैं, उसे देखकर आपको अपनी बचपन की यादें ताजा हो जाएंगी। इसकी हल्की-फुल्की और सजीव कहानी आपको हंसी से लोटपोट कर देगी। इसे आप सोनी लाइव में देख सकते हैं।



**कोटा फैक्ट्री :** अगर आपको पंचायत में अभिषेक त्रिपाठी (सचिव जी) का किरदार पसंद आया था, तो आपको कोटा फैक्ट्री में जीतू भैया का किरदार भी पसंद आएगा। इसे आप नेटफिलिक्स में देख सकते हैं। यह कहानी कोटा में आईआईटी की तैयारी कर रहे छात्रों की है, जो हंसी और मजाक के साथ-साथ गंभीर मुद्दों को भी छूती है। एक छात्र की यात्रा में हास्य और भावनाओं का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा।



**ये मेरी फैमिली :** गुल्लक और पंचायत जैसी सीरीज के फैंस के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प है। यह सीरीज 90 के दशक के एक मीडिल क्लास परिवार की कहानी है। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो में देख सकते हैं। इस कहानी में गुप्ता फैमिली को दिखाया गया है, जहां परिवार के सदस्यों के साथ हंसी-मजाक और उनके छोटे-मोटे झगड़े बेहद दिलचस्प होते हैं। यह सीरीज आपको पुराने दिनों की याद दिलाएगी और हंसी से लोटपोट कर देगी।



**सास, बहू, अचार प्राइवेट लिमिटेड :** इस सीरीज में एक मिडल क्लास महिला सुमन की कहानी है, जो अपने परिवार को आर्थिक मदद देने के लिए आचार बनाने का व्यापार शुरू करती है। यह जी5 कहानी में सुमन और उनके परिवार की मजेदार यात्रा को दर्शाया गया है, जो आपको हंसा हंसा कर लोटपोट कर देगी। यह सीरीज खासतौर पर उन लोगों के लिए है जो हल्की-फुल्की और मजेदार कहानियों के शौकीन हैं।



**मामला लीगल है :** यह सीरीज आपको कोर्ट के अंदर की मजेदार घटनाओं और झमेलों से रूबरू कराती है। पटपड़गंज जिला न्यायालय की सेटिंग के साथ, इसमें होने वाली हास्यपूर्ण स्थिति और संवाद आपको हंसा हंसा कर लोटपोट कर देंगे। यह सीरीज नेटफिलिक्स पर देख सकते हैं। सीरीज में कोर्ट के अंदर हो रही हलचल को हास्य के अंदाज में पेश करती है, जिससे आप पंचायत के मजेदार पल याद करेंगे।

## खबर संक्षेप

### बिलासपुर पुलिस कल बांटेगी निःशुल्क हेलमेट

**सीपत।** हेलमेट के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने और सुरक्षित यातायात के उद्देश्य से बिलासपुर पुलिस की ओर से सोमवार को नवाडीह चौक में सुबह 10 बजे निःशुल्क हेलमेट वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें बिलासपुर एसपी रजनेश सिंह के द्वारा हेलमेट प्रदान कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। हेलमेट लेने वालों को अपनी गाड़ी की सम्पूर्ण दस्तावेज आरसी , इंश्योरेंस , आधार कार्ड , ड्राइविंग लाइसेंस व अपनी गाड़ी के साथ नवाडीह चौक पर उपस्थित रहना होगा। यह जानकारी सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने दी।

### सांई मंदिर के स्थापना दिवस पर पालकी यात्रा आज

**सीपत।** सांई मंदिर के 11 वें स्थापना दिवस पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज सुबह 9 बजे सांई पालकी यात्रा एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है। विशाल पालकी यात्रा की शुरुआत में मुख्य रूप से नवनियुक्त जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप जनपद सदस्य मनोज खरे , डॉ सनत मिश्रा, नवनिर्वाचित सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार पूर्व जनपद सदस्य मेघा सुनील भोई उपस्थित रहेंगे। सुबह 9 बजे विधिवत पूजा अर्चना के बाद बाजे गाजे के साथ पालकी यात्रा प्रारंभ होगी जो नगर भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद महाआरती व भंडारे का आयोजन सम्पन्न होगा।

### वैदिक महाविद्यालय में पांच दिवसीय प्रशिक्षण 27 से

**सीपत।** ग्रामीण क्षेत्रो में युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराकर स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में वैदिक महाविद्यालय सीपत में 27 फरवरी से 3 मार्च तक पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन व हर्बल गुलाल प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## निधन

### कमल देवी



**बिलासपुर।** देवरी खुर्द निवासी कमल देवी पति स्व.गुलाब सिंह का 22 फरवरी को निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 23 फरवरी रविवार को सुबह 11 बजे रेलवे मुक्तिधाम तोरवा में किया जाएगा। वे विजय एवं संतोष सिंह की माता थीं।

### कृष्ण कुमार कश्यप



**बिलासपुर।** देवरीखुर्द निवासी कृष्ण कुमार कश्यप का 22 फरवरी को निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे श्याम कश्यप एवं राज कुमार कश्यप के बड़े भाई, राकेश कश्यप,बृजेश कश्यप के पिता थे।

### लक्ष्मी यादव



**बिलासपुर।** ग्राम भरनी निवासी लक्ष्मी यादव का निधन हो गया। वे 71 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 23 फरवरी को उनके गृह ग्राम में किया जाएगा। वे टीआर यादव की पत्नी, भोगी, श्याम, उत्तम, रामकुमार, दिनेश एवं संतोष की माता थीं।

### अहिल्या पाण्डेय



**धरमपुरा।** ग्राम खेड़ा के स्व. अरुण पांडेय की पत्नी श्रीमती अहिल्या पाण्डेय का 62 वर्ष की उम्र में शुक्रवार रात्रि को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम खेड़ा में शनिवार को किया गया। वे आदित्य, आलोक पाण्डेय की माता, भूपेंद्र पांडेय की चाची थीं।

### श्यामकार्तिक मिश्रा



**तखतपुर।** बेलसरी निवासी श्यामकार्तिक मिश्रा (कल्लू) 50 वर्ष का 22 फरवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बेलसरी में किया गया।

## मतदान दलों को सामग्रियों का वितरण कर किया गया रवाना

# पथरिया क्षेत्र में 1001 पंच, सरपंच, जनपद व जिला पंचायत के लिए मतदान आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत पथरिया क्षेत्र अंतर्गत 23 फरवरी को होने वाले त्रिस्तरीय मतदान के लिए आज मंगल भवन पथरिया में मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण किया गया।

गौरतलब है कि पथरिया जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत 96 ग्राम पंचायत के लिए 297 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। 16 सेक्टर अधिकारियों तथा रिजर्व सहित 356 मतदान दलों की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान केन्द्रों तक पहुंचने के लिए 82 रूट बनाए गए हैं। तृतीय चरण के चुनाव में 70 हजार 162 पुरूष मतदाता, 68 हजार 542 महिला मतदाता और 5 तृतीय लिंग सहित कुल 01 लाख 38 हजार 709 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जनपद पंचायत पथरिया क्षेत्र अंतर्गत जिला पंचायत के 03 सीटों के लिए 20 प्रत्याशी, जनपद सदस्य के 25 सीटों के लिए 129 प्रत्याशी, सरपंच के 92 सीटों के लिए 443 प्रत्याशी और पंच के 881 सीटों के लिए 2107 प्रत्याशी चुनाव के मैदान में है।



शनिवार को सामग्री लेकर अपने अपने बूथों के लिए जाते हुए मतदान दल।

## जनपद सदस्य प्रत्याशी के पति से मारपीट

**तखतपुर।** जरौंधा क्षेत्र से जनपद सदस्य का चुनाव लड़ रही प्रत्याशी के पति को बीती रात्रि में तीन नकाबपोश युवक ने कार में बैठा कर अपने साथ ले गए और मारपीट कर उसे छोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार 21 फरवरी की रात्रि 12 बजे ग्राम नगोई से भाजपा नेता विश्वनाथ यादव की पत्नी मालती यादव जरौंधा से जनपद सदस्य के लिए चुनाव लड़ रही हैं। विश्वनाथ अपनी पत्नी का प्रचार करने के लिए नगोई गया था। रात्रि 12 बजे अपने घर ग्राम जरौंधा बाइक से जा रहा था तभी रास्ते में तालाब के पास तीन अज्ञात नकाबपोश बाइक में आए और रास्ते में रोककर उसे उसे एक मारुति कार में ले गए। विश्वनाथ यादव के विरोध करने पर नकाबपोश जबरदस्ती पर आ गए। तीनों नकाबपोश ने मिलकर विश्वनाथ यादव के मुंह को कपड़े के गमछे में बांधकर जबरदस्ती कार में बैठाने लगे। इस दौरान कार के दरवाजे से पेट में चोट लगी। इस घटना की जानकारी डायल 112 को दी गई। 112 ने मौके पर पहुंचकर विश्वनाथ यादव को स्वास्थ्य केंद्र ले गया। वहीं जनपद सदस्य प्रत्याशी के पति विश्वनाथ यादव सुबह तखतपुर थाना पहुंचकर अज्ञात लोगों के खिलाफ आवेदन दिया।



थाने में शिकायत दर्ज कराते प्रार्थी।

### पिकनिक के लिए गाड़ी किया था बुक

कार के ड्रायवर ने उन अज्ञात लोगों से कहा तुम गाड़ी को पिकनिक में जाओगे कहकर लाए हो और तुम लोग इसका अपहरण कर मेरी गाड़ी में बैठा रहे हों मैं नहीं ले जाऊंगा इतने में ग्राम कुंआ की ओर से आ रही एक कार को देखकर ये तीनो नकाब पोश विश्वनाथ यादव को छोड़कर भाग गए इसकी चर्चा क्षेत्र में जोरों से है ।



## अध्यक्ष पद के लिए वर्षा प्रबल दावेदार

**लोरमी।** सारधा स्थित आईटीआई भवन में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्वाचित जनपद सदस्यों को रिटर्निंग अफसर शेखर पटेल ने प्रमाण पत्र वितरित किया गया। गोड़खाम्ही क्षेत्र से भाजपा महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह लगभग 1900 से अधिक मतों से विजयी हुई है। इनको प्रमाण पत्र सौंपा गया। उसी तरह विद्यानन्द चंदकर तीसरी बार एवं मनीता दिलीप भास्कर, मेनकुमार दूसरी बार जनपद सदस्य निर्वाचित हुए।

जनपद सदस्य 1 अचानकमार सरस्वती सुरेन्द्र मरावी,खुड़िया रूखमणी रमेश बिंझवार , डिंडौरी राजेन्द्र कुमार साहू , अखरारबेदराम पटेल, डोंगरियानोगेन्द्र कुमार , कोदवा महंत रानी दीदी देवा मार्को पेण्ड्रीतालाब (एन) आदित्य कुमार ध्रुव, सारधासरस्वती कमल राजपूत ,गोड़खाम्ही वर्षा विक्रम सिंह, मनकीरेखा साहू नवरंगपुर सती कौशल जायसवाल, लीलापुर संतोषी प्रदीप गायकवाड , बोड़तरा कलासफुरा भार्गव ,मोहतरा तेलीपूर्णिमा फागुराम साहू पैजनियाहरिशंकर (रानु) कश्यप , बैगाकापासुरजीत भार्गव ,चंदलीरामदुलारी परस उत्तम साहू ,बरमपुर मेन कुमार भार्गव ,चिल्फीदुमेश्वरी धर्मेन्द्र बघेल, खपरीकला कन्तनीबाई चंद्राकर, बघमार मनीता दिलीप भास्कर, फुलवारी कला बबिता नरेन्द्रपाल बंजारा, राजपुरमुलचंद डाहिरे, देवरहट चंपा प्रदीप साहू ,सेमरसलविद्यानंद चन्द्राकर सामिल है। इस अवसर पर कोमल गिरी गोस्वामी, विक्रम सिंह, नप अध्यक्ष सूजीत वर्मा, धनीराम यादव, विनय साहू, गुरमीत सलुजा, घनेद्र राजपूत, रामेश्वर बंजारे, रामनिहोरा कश्यप, छतु कश्यप, शैलेन्द्र सलुजा, विकास केशरवानी, अशोक सिन्द्रराम, राकेश दुबे, सुशील यादव,लेखराज ठाकुर, दिनेश कश्यप, राजेन्द्र साहू, दुष्यंत खत्री, उत्तम साहू, सरोज मरावी, गुप्ता, गणेश साहू,कोमल साहू,मुकेश जायसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत ठकुरिकापा में निकला विजय जुलूस

**जरहागांव।** ग्राम ठकुरीकापा में सरपंच पद पर रानी बंटी जायसवाल के जीत के बाद विजय जुलूस निकाला गया। जीत की खुशियां मनाने सरपंच प्रतिनिधि बंटी जायसवाल के घर ग्रामीण एकत्रित हुए और आतिश बाजी के साथ पूरे गांव में भ्रमण किया।

इस दौरान सरपंच रानी बंटी जायसवाल के स्वागत के लिए ग्रामीण थाली सजाकर खड़े रहे। उन्होंने आरती उतारकर पुष्प वर्षा कर जीत सरपंच का स्वागत किया। इस मौके पर बंटी जायसलवाल ने कहा कि गांव के विकास के लिए वे सदा तत्पर रहकर कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। विजय जुलूस के दौरान विशेष रूप से राजकुमार खांडे मेहतर लहरें ,भागबली जांगड़े ,पुरन कोशले



दामोदर कोशले ,भोला डहरिया ,सैनदास कोशले मदन कौशल मूलचंद सोनकर लखन जायसवाल भुवन जायसवाल लीला सोनकर मोहन जायसवाल राजा साहू इंकुलेश्वर जायसवाल गणेश यादव मेलू राम साहू प्यारे जायसवाल प्रेम जायसवाल रज्जू जायसवाल अशोक जायसवाल रज्जू निषाद पिंटू जायसवाल सहदेव जायसवाल किशुन निषाद मनी राम साहू देश कुमार साहू बाली राम साहू ढालेंद्र साहू रमेश साहू नागेश्वर पटेल नंद पटेल रमेश सोनकर प्रमोद साहू रामनाथ साहू सविता निषाद मनोहर टेलर मोहन टेलर नकछेद जायसवाल अनिल जायसवाल जीत साहू के साथ सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## चयनित जनप्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र वितरित

**जरहागांव।** त्रिस्तरीय जनपद,पंचायत जिला पंचायत चुनाव संपन्न होने पश्चात विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र वितरण करने आमंत्रित किया गया था। इस दौरान क्षेत्र के सरपंच, जनपद, जिला सदस्यों ने प्रमाण पत्र प्राप्त करने इकट्ठा हुए। सरपंच, जनपद, जिला प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रमाण पत्र पाने के बाद ढोल ताशे की धुन में टोलियों के साथ उत्साह मनाते रवाना हुए। इस अवसर पर नवनिर्वाचित जिला सदस्य श्रीकांत पांडेय, उमाशंकर साहू, जनपद सदस्य पवन पांडेय, जनपद सदस्य राज साहू, मालिक मंडल ध्रुव, मनोज साहू, नितेश भारद्वाज, अश्वनी कश्यप, नरेंद्र शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि धन लाल टंडन गंगा कौशल आदि मौजूद रहे।





## मतदान के लिए दूर-दूर से पहुंचे रिश्तेदार

**तखतपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत के तखतपुर विधानसभा में रविवार को मतदान किया जाएगा। मतदान में ग्रामीण बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। दूर दराज से अपने रिश्तेदारों को वोट देने के लिए ग्रामीण बाहर से अपने अपने गांव पहुंच गए हैं। शनिवार को मतदान दल पुलिस पार्टी के साथ बसों में रवाना हुए। वहीं देर रात तक मतदान दल अपने अपने मतदान केंद्रों में पहुंच गए।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 23 फरवरी को गांव की सरकार चुनी जाएगी। जिसके लिए 22 फरवरी को सुबह 9 बजे से सभी मतदान दलों को बालक हाई स्कूल से बसों में एक एक कर रवाना किया गया। इस बार तखतपुर विधानसभा में सरपंच चुनाव के लिए 122 ग्राम पंचायत के लिए 521 प्रत्याशी, पंच के 1220 वार्ड के लिए 2838 प्रत्याशी एवं जनपद सदस्य के 24 पद के लिए 124 प्रत्याशी मैदान में है। जिनके भाग्य का फैसला 23 फरवरी को मतदान के बाद शाम को हो जाएगा। वहीं जिला पंचायत के चार सीटें तखतपुर विधानसभा में आती है जिनका परिणाम 23 फरवरी को ही आ जाएगा। विकासखण्ड में 398 बूथ बनाए गए है जिसके लिए 23 फरवरी को मतदान होना है 22 फरवरी को मतदान दलों को रवाना किया गया लगभग 1592 कर्मचारी शिक्षक इस पंचायत चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए 22 फरवरी को विकासखण्ड के सभी पंचायतों में रवाना हुए। पंचायत चुनाव में प्रत्येक गांव में प्रत्याशीयों ने जमकर मेहनत की है जिनके भाग्य का फैसला देर रात तक आना शुरू हो जाएगा।

## दो बाइक आपस में टकराई, एक मृत दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

समीपस्थ ग्राम सारधा मुख्य मार्ग नहर के पास दो बाइक के आपस में टकराने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई एवं दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर सिम्स रेफर किया गया। पुलिस ने हादसे में मर्ग कायम कर घटना की विवेचना में लिया है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को दोपहर 2 बजे मुंगेली मझगवां पारा निवासी लोकेश 24 वर्ष पिता सतीश बंजारे अपने ससुराल नवागांव दयाली से बाइक से लौट रहा था, इसी दौरान उसकी सामने से आ रही एक अन्य बाईक से जबरदस्त टक्कर हो गई जिसमें लोकेश पिता सतीश बंजारे 24 साल की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के सिर अधिक चोट के कारण मृत्यु हो हुई। मृतक सीएमएचओ कार्यालय में प्यून था। उनके साथ एक महिला स्वास्थ्य कर्मी सविता जगत पति बसंत पांडे निवासी ग्राम करगीरोड लिफ्ट लेकर आ रही थी, जो हेड इंज्यूरी के गंभीर रूप से घायल हो गई। सामने वाले दो पहिया वाहन में सवार ग्राम गजिया नवागांव उपेंद्र सिंह 26 वर्ष इनका भी सिर में गम्भीर चोट के कारण बिलासपुर सिम्स रिफर किया गया। ग्रामीणों ने 108 की मदद से घायलों को 50 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को बिलासपुर सिम्स रेफर कर दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच कर दोनों वाहनों को जप्त कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया एवं मृतक लोकेश के पंचनामा कार्रवाई कर पीएम के बाद परिजन शव सुपुर्द किया। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 194 के तहत मर्ग कायम कर मामले की विवेचना में जुट गई है। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ आरएस आयाम ने बताया कि महिला स्वास्थ्य कर्मी एक अन्य घायल को हेड इंज्युरी के कारण रिफर किया गया। एक सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ युवक की भी हेड इंज्युरी के कारण मौत हुई है।



## नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को आजीवन कारावास

**पेंड्रा।** घर से स्कूल जा रही दसवीं कक्षा की नाबालिग छात्रा को अपने साथ जबरन ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को विशेष अपर सत्र न्यायाधीश पेंड्रारोड कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

पूरा मामला गौरेला थाना क्षेत्र का है जहां 30 सितंबर 2023 को स्कूल जा रही नाबालिग छात्रा को आरोपी गणेश धुर्वे बाइक में जबरन बैठने को बोला और अपने साथ दूसरे गांव में ले जाकर दुष्कर्म किया। छात्रा के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने जब पतासाजी की तो उसके दूसरे गांव में आरोपी के घर में होने की जानकारी हुई। बाद में परिजन पीड़िता को अपने साथ घर लाए। नाबालिग ने आपबीती को घरवालों को बताई। इस पर गौरेला थाने में आरोपी गणेश धुर्वे के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया और आरोपी को पुलिस ने 8 अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया था। इस मामले में फैसला सुनाते हुए विशेष अपर सत्र न्यायाधीश पेंड्रारोड श्रीमती ज्योति अग्रवाल ने आरोपी को दोषसिद्ध होने पर पाक्सो एक्ट 2012 के तहत आजीवन कारावास और एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## तालाब में डूबने से बुजुर्ग की मौत

तखतपुर। तालाब में नहाते समय वृद्ध बुजुर्ग के डूबने से मौत हो गई है। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में ले लिया है।

तखतपुर थाना अंतर्गत ग्राम करनकापा निवासी हरिश्चंद्र पटेल पिता रामस्वरूप पटेल उम्र (70) रोजाना की तरह वह गांव के तालाब में दोपहर 12 बजे नहाने गया था। 3 बजे तक जब घर वापस नहीं आया तब घर वालों ने तालाब में जाकर देखा तो वृद्ध बुजुर्ग हरिश्चंद्र पटेल की तालाब शव तैर रहा था। जहां इस बात की जानकारी परिजनों ने तखतपुर थाना में दिया तखतपुर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को तालाब से बाहर निकाल कर मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोटा, जिला बिलासपुर छ.ग.**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र.202404072200020/अ-6/ 2023-24, ग्राम-जाली
कमांक. / / अविअ / वा-1/2025
124 कोटा, दिनांक 19.02.2025

ईतवारा बाई मरावी (सरपंच) पिता धर्मेन्द्र मरावी निवासी ग्राम जाली, तहसील रतनपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग. ..अपीलार्थी **विरूद्ध**
1. मनोज कुकरेजा पिता परमानंद कुकरेजा निवासी आजाद नगर बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर 2. हरीश कुमार पाटनवार पिता रामेशवर प्रसाद निवासी ग्राम जाली, तहसील रतनपुर, जिला बिलासपुर, छ.ग.

एतद् द्वारा ग्राम जाली, तहसील रतनपुर, जिला बिलासपुर के उत्तरवादी को सूचित जाता है कि आवेदक द्वारा न्यायालय तहसीलदार रतनपुर के रा.प्र.क. 202312072300007/ अ-6/2023-24 में पारित आदेश दिनांक 23-01-2024 के विरूद्ध छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44(1) के तहत अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 06-03-2025 के लिए नियत है।

अतः आपको समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि नियत तिथी को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

आज 19.02.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।
**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोटा, जिला बिलासपुर छ.ग.**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोटा, जिला बिलासपुर छ.ग.**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क. 202404072200020 / अ-6/2023-24 ग्राम-जाली
कमांक. / / अविअ / वा-1 / 2025
120 कोटा, दिनांक 19.02.2025

ईतवारा बाई मरावी (सरपंच) पिता धर्मेन्द्र मरावी निवासी ग्राम जाली, तहसील रतनपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग. ..अपीलार्थी **विरूद्ध**
हरीश कुमार पाटनवार पिता रामेशवर प्रसाद निवासी ग्राम जाली, तहसील रतनपुर, जिला बिलासपुर, छ.ग.

एतद् द्वारा ग्राम जाली, तहसील रतनपुर, जिला बिलासपुर के उत्तरवादी को सूचित जाता है कि आवेदक द्वारा न्यायालय तहसीलदार रतनपुर के रा.प्र.क. 202312072300004/ अ-6/2023-24 में पारित आदेश दिनांक 23-01-2024 के विरूद्ध छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44(1) के तहत अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 06-03-2025 के लिए नियत है।

अतः आपको समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि नियत तिथी को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

आज 19.02.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।
**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोटा, जिला बिलासपुर छ.ग.**

---

**आम सूचना/ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार रामेश्वर सोनी पिता बिट्ठल प्रसाद सोनी निवासी गोड़पारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर के द्वारा मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं.-36 रा.नि.म. व तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर स्थित खसरा क्रमांक आबादी रकबा 870 वर्गफीट जिसमें मकान निर्मित है, को भूमि स्वामी श्रीमती शशि सोनी पति स्व. नरेन्द्र सोनी निवासी जूना बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) से खरीदने का पक्का सौदा कर बतौर बयाना राशि दिया जा चुका है एवं निकट भविष्य में उक्त भूमि की रजिस्ट्री मेरे पक्षकार के पक्ष में होना है।

अतः उक्त सौदे के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालय/निकाय या अन्य किसी को भी यदि किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित में अपना आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद की गयी किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

सो सूचना जाने।
दिनांक- 21/02/2025
भवदीय
(यज्ञप्रकाश सोनी)
अधिवक्ता
पता - हनुमान मंदिर के सामने, जिला न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.) मो. 9691074120

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 17/02/2025

प्रति, 1. आवेदक रूद्र इंफ्राकॉन (प्रदीप सिंह) पिता श्री बृजेश सिंह आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. चंद्रकांत वगैरह सा. लगरा 3. लक्ष्मण साहू आ. लगरा 4. विमला उबराल सा. लगरा एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।
विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह. / ना.तह./ वा. 2024 बिलासपुर, दिनांक 09/01/2025

ग्राम लगरा प.ह.न. 27 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 85/5 रकबा 0.385 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक रूद्र इंफ्राकॉन (प्रदीप सिंह) निवासी L-3 विद्या नगर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 24/02/2025 को समय 12:00 से 05.00 के बीच किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
**राजस्व निरीक्षक मोपका बिलासपुर (छ.ग.)**

---

आदेश 5 नियम 20 (1क) व्यवहार प्रक्रिया संहिता
**न्यायालय श्रीमान चतुर्थ अपर मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**
प्रदीप अरोरा वगै...आवेदकगण **विरूद्ध**
विरेन्द्र कुमार यादव वगै....अनावेदकगण
दावा प्रकरण क्र.- 357/ 24
पेशी दिनांक- 03/04/2025

1. विरेन्द्र कुमार यादव पिता फागूराम यादव निवासी-अशोकनगर सरकण्डा थाना सरकण्डा तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. (वाहन चालक मो.सा.क्र. C.G.-10-BF-7187)
आवेदकगण-1) प्रदीप अरोरा पिता-स्व. तेजभान अरोरा उम्र 59 वर्ष, 2) रम्मी अरोरा पिता- प्रदीप अरोरा उम्र 55 वर्ष, निवासी-वॉर्ड नं. 108 गौरी शंकर मंदिर के पीछे कोरबा थाना सिटी कोतवाली जिला कोरबा (छ.ग.) का निवासी है ने अनावेदकगण क्र.01 के द्वारा चालित वाहन मो.सा.क्रं. C.G.-10-BF-7187 से दिनांक 23.11.2023 को मृतक राहुल अरोरा को दुर्घटना कारित करने से उसकी मृत्यु होने के संबंध में अनावेदकगण क्र. 01 द्वारा वाहन चालित है तथा अन्य अनावेदकगण के विरूद्ध क्षतिपूर्ति राशि 42,82,000/- रूपये (बयालीस लाख बयासी हजार रूपये) प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र धारा 166 मो.यान दुर्घटना दावा अधि का प्रकरण संस्थित किया है।
अतः आपको इस अधिकरण में दिनांक 03/04/2025 को दिन में 11 बजे आवेदन पत्र के उत्तर देने हेतु उपसंजात होने के लिए नोटिस दिया जाता है एवं आपको निर्देशित किया जाता है कि आप सभी दस्तावेजो सहित जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा हेतु निर्भर रहना चाहते है को पेश करे। आपको सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस अधिकरण में उपसंजात नही होगें तो आवेदन पत्र की सुनवाई और उसकी अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुये किया जायेगा और यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को किया जावेगा। आज दिनांक 17/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर और अधिकरण की मुद्रा से जारी किया गया।
**(कु. पुष्पलता मारकण्डे)**
**सदस्य-चतुर्थ अपर मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01 बिलासपुर छ.ग.**
**समंस**
तेजस्विनी सेवा प्रतिष्ठान + 02अन्य....
आवेदिका **विरूद्ध** आम जनता वगैरह+05 अन्य......अनावेदक
उ.प्र.क्र. -97/2024
आदेश दिनांक 21.01.2025
पेशी ता.- 07.03.2025
प्रोसेस क्र. - 61/25

प्रति,
आम जनता, (जिससे संबंध हो)

तेजस्विनी सेवा प्रतिष्ठान+02 अन्य के द्वारा आवेदन-पत्र वास्ते अंतर्गत धारा-372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम-1925 के तहत प्रस्तुत किया गया है, जिसकी पेशी दिनांक 07.03.2025 को नियत है। अतः इस ईश्तहार/नोटिस के द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि पेशी दिनांक-07.03.2025 को सुबह समय - 11:00 बजे स्वयं अथवा ऐसे किसी अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रकरण में भाग ले, जवाब प्रस्तुत करे अन्यथा आवेदन-पत्र में एकपक्षीय कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा।

यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अस्तू सूचित हो।
दिनांक- 22.01.2025
स्थान- बिलासपुर
**(विजेन्द्र सोनवानी)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**
**समंस/नोटिस**
शांति बाई वगैरह...वादिनीगण **बनाम**
नकछेद साहू वगैरह... प्रतिवादीगण
प्रोसेस नंबर - 13/2025
व्य. वाद क्र. 27-अ / 2022
आदेश दिनांक 07.02.2025
पेशी दिनांक 03.03.2025

प्रति,
1/ पवन कुमार साहू, उम्र 42 वर्ष, पिता मिठाईलाल साहू, 2 / कुंवरिया साहू, उम्र 40 वर्ष, पिता मिठाईलाल साहू, 3 / कला बाई साहू, उम्र 38 वर्ष, पिता मिठाईलाल साहू, सभी निवासी ग्राम पटैता, व्हाया व तहसील कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आप प्रतिवादीगणों को सूचित किया जाता है कि वादिनीगण के द्वारा इस न्यायालय में मौजा खैरखुण्डी, प.ह.नं. 10, रा.नि.मं. व तहसील बेलतरा, जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 64/5, 74/2, 479/3, 64/7, 68/3 रकबा क्रमशः 1.24 0.48 0.04 0.50, 1.00 एकड़, कुल 3.26 एकड़ के संबंध में दावा वास्ते स्वत्व की घोषणा, पंजीकृत बिकी पत्र दिनांक 20.12.2017 को शून्य घोषित किये जाने, विभाजन एवं रिक्त कब्जा प्राप्ति एवं शाश्वत निषेधाज्ञा हेतु व्यवहार वाद इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 03.03.2025 को दिन 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये आप प्रतिवादीगणों को समन किया जाता है। आप प्रतिवादीगण स्वयं अथवा अपने किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिन्हे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस अपने प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें एवं अपने ऐसे सभी दस्तावेज जिन पर प्रतिरक्षा या मुजरा, ईफा दावा या प्रतिदावा आधारित हो, दाखिल करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप प्रतिवादीगण ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होते है तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। आज दिनांक 22/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर से एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।
स्थान-बिलासपुर, दिनांक 22/02/2025
**(कु. कोनिका यादव)**
**नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**


**अहलूवालिया हॉस्पिटल**
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जॉंच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटो का ईलाज

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

22 FEB- BSP-PG-6_Layout 1 2/23/2025 12:46 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### पति ने पत्नी को मारा चाकू, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** ससुराल में रहने से मना करने पर पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावर पति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, अशोकनगर अटल आवास निवासी प्रीति श्रीवास पति नितेश श्रीवास मायके में रह रही थी। 22 फरवरी को सुबह 5 बजे उनके पति नितेश उनके घर आकर ससुराल कतियापारा में रहने के लिए कहा। उन्होंने ससुराल जाने से मना कर दिया। इस पर नितेश कैसे नहीं जाएगी, कहते हुए गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। उनके सिर, गला में चोट आई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पति के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### उधार में सामान नहीं देने पर दुकानदार से मारपीट

**बिलासपुर।** उधार में सामान नहीं देने पर दुकानदार के साथ मारपीट कर दी गई है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



तोरवा पुलिस के अनुसार, तोरवा पटेलपारा निवासी विनोद कुमार भोई किराना दुकान चलाते हैं। 21 फरवरी को रात 10.30 बजे उनके दुकान में मोहल्ले का सुखेन्द्र पटेल आया और पानी खाने का सामान उधार में मांगने लगा। उन्होंने उधार में सामान देने से मना किया तो सुखेन्द्र पटेल उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर दी है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### स्ट्रीट लाइट बंद, सड़कों पर छाया अंधेरा

**बिलासपुर।** शहर की स्ट्रीट लाइटें बंद होने के कारण शाम ढलते ही अंधेरा छाया रहता है। जिसके कारण राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं बिजली विभाग इन लाइटों को सुधारना छोड़ कटौती करने में जुटे हुए है। शहर के निचली इलाकों में लगे आधा से ज्यादा स्ट्रीट लाइटें गायब हो चुकी है। जिसमे तालापारा, व्यापार विहार, भारतीय नगर, कुम्हारापारा, चिंगराजपारा, जरहाभाठा आदि शामिल हैं। इसी तरह सरकंडा क्षेत्र के राजकिशोर नगर, लिंगियाडीह, चांटीडीह, इंदिरा विहार सहित अन्य इलाकों में लगे स्ट्रीट लाइट आए दिन बंद रहते हैं। वहीं तापमान में तेजी आने से ट्रांसफार्मरों में काफी दबाव बढ़ गया है, जिसके कारण आए दिन बिजली गुल हो रही है। हालांकि विभाग द्वारा मेंटेनेंस किया जा रहा है इसके बाद भी लोगों को लाइट गुल से राहत नहीं।

**50 लाख बच्चे अधूरे कोर्स के सहारे देंगे परीक्षा**

**साल भर में 220 दिन क्लास लगाना अनिवार्य लेकिन इस साल 140 से अधिक कक्षाएं नहीं लगाईं जा सकीं**

# साल भर चुनाव कराते रहे सरकारी टीचर, सीधा असर पढ़ाई पर, परीक्षा 1 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस बार 10 वीं और 12 वीं बोर्ड के साथ ही छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल से मान्यता प्राप्त स्कूलों के छात्र अधूरे कोर्स के सहारे परीक्षा में शामिल होंगे। दरअसल साल भर में 220 दिन क्लास लगाना अनिवार्य है। लेकिन इस साल 140 से अधिक कक्षाएं नहीं लगाईं जा सकी हैं।




इसी चक्कर में ज्यादातर स्कूलों में सिलेबस पूरा नहीं किया जा सका है। शिक्षकों के साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस साल चार चुनाव हुए हैं, उसमें शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई। इसके साथ ही दूसरे कामों भी व्यस्त रहना पड़ गया। इसका सीधा असर पढ़ाई पर पड़ा है। ध्यान रहे कि एक मार्च से बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। कई ऐसे विषय भी होंगे जिन्हें बिना पढ़े ही छात्र परीक्षा देने पहुंचेंगे। जबकि 220 दिन के हिसाब से ही छात्रों का सिलेबस बनाया गया है। पड़ताल में अनिवार्य रूप से स्कूल संचालित नहीं होने के पीछे यह बातें सामने निकल कर आ रही हैं कि कई ऐसे त्योहार हैं जिसमें स्कूलों को छुट्टी दी जा रही है। शिक्षकों की दूसरे कामों में ड्यूटी लगा दी जाती है। बच्चों के क्लास लगने की अवधि में लगभग एक महीने की कटौती हुई है। देखा जाए तो यह पहली बार नहीं है बल्कि बीते पांच साल के आंकड़े बताते हैं कि हर बार सिर्फ 160 से कम दिन ही स्कूलों का संचालन किया जा सका है। इसका सीधा असर हर बार बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता पर पड़ता है। शिक्षा विभाग लेकिन इसे लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा है। यही कारण है कि स्कूलों में ज्यातर कक्षाओं के सिलेबस पूरे नहीं करवाए जा सके हैं।

### एक नहीं बल्कि चार-चार चुनाव कराने पड़े

चुनावी वर्ष होने की वजह से शिक्षकों को एक नहीं बल्कि चार-चार चुनाव कराने पड़े, जिसकी वजह से शिक्षकीय कार्य काफी प्रभावित रहा। 70 फीसदी स्कूलों में कोर्स पूरा हुआ ही नहीं है। ऐसे में स्टूडेंट्स की चिंता बढ़ गई है। इस साल देखा जाए तो विधानसभा के 90 सीट,लोकसभा के 11 सीटों के साथ साथ नगरीय निकाय और 10 हजार 800 ग्राम पंचायतों के चुनाव कार्य में शिक्षको की ड्यूटी लगाई गई थी। इस वजह से शिक्षकीय कार्य पर काफी असर पड़ा। अब परीक्षा को 10 दिन ही बचे हैं. ऐसे में छात्र छात्राओं को कोर्स पूरा होने की चिंता सता रही है।

### 46 हजार स्कूलों में 50 लाख से ज्यादा विद्यार्थी

प्रदेश के 46 हजार स्कूलों में 50 लाख से ज्यादा विद्यार्थी हैं। इनमें से हजार प्राइवेट स्कूल हैं। बाकी के 35 हजार स्कूल सरकारी हैं। वहीं 17 लाख के आस-पास बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे हैं और 33 लाख बच्चे सरकारी स्कूलों में। कोर्स पूरा नहीं होने के कारण भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जानकारों के कहना है कि लोकसभा से लेकर विधानसभा और निकाय चुनावों में भी प्रदेश के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाती है। इससे हर बार छात्रों की क्लास प्रभावित होती है। स्कूलों में ही चुनाव में बूथ के रुप में इस्तेमाल किया जाता है।

### प्री बोर्ड परीक्षा भी नहीं करवा सके

बोर्ड परीक्षा से पहले छात्रों की तैयारी के लिए प्री बोर्ड परीक्षा आयोजित की जाती है। इस बार लेकिन प्री बोर्ड परीक्षा का भी अयोजन नहीं करवाया जा सका है। हालांकि प्री बोर्ड परीक्षा के तारीखों का ऐलान भी कर दिया गया था। लेकिन चुनावी कारणों से इसे निरस्त कर दिया गया। इसके साथ ही 11 साल के बाद 5वीं और 8वीं कक्षा को दोबारा बोर्ड में शामिल किया गया है। इसके हिसाब से लेकिन इन कक्षाओं की तैयारी नहीं है। कई स्कूलों में एक्सट्रा क्लास लगाने की बात जरूर की जा रही है।

### लगाई गई है एक्सट्रा क्लास

शासकीय स्कूलों के बच्चों की एक्सट्रा क्लास लगा कर पढ़ाई कराई गई है। चुनाव की वजह से कुछ प्रभावित तो हुआ मगर जिन शिक्षकों की चुनाव में ड्यूटी नहीं लगी थी उनके माध्यम से पढ़ाई करायी गई है। बेहतर परिणाम के लिए प्रयास किए जा रहें है।

- आरपी आदित्य, संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग

**शाम के समय लगभग सभी सड़कों पर यातायात का दबाव, ऐसे में सड़क पर वाक करना संभव नहीं**

# चार करोड़ में बने थे शहर भर में फुटपाथ सभी पर कब्जा, पैदल चलने वाले सड़क पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने और पैदल चलने वालों की सुरक्षा के लिए शहर की प्रमुख सड़कों पर 4 करोड़ में फुटपाथ का निर्माण कराया गया था। इसमें से अधिकांश फुटपाथों पर कब्जा हो गया है। यह एक ऐसी समस्या है, जो वर्षों से चली आ रही है और अभी तक इसका कोई उपयुक्त समाधान नहीं खोजा जा सका है। दुकानदारों का सामान दुकानों में कम बल्कि फुटपाथ पर अधिक रखा जाता है, जिसे देखकर ऐसा लगता है जैसे फुटपाथ आमजन के लिए नहीं बल्कि दुकानदारों के लिए बनाया गया है। फुटपाथ बनने के बाद भी लोगों को जान जोखिम में डालकर मजबूरन सड़क किनारे चलना पड़ता है। बाजार में भीड़ होने के कारण कई दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं, लेकिन दुकानदार अपनी आदत से मजबूर बने हुए हैं। शहर में शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र होगा जहां पर बने फुटपाथ पर कब्जा न हो। इन फुटपाथों पर सब्जी-फल, पेय पदार्थ, चाट, दैनिक उपयोग की वस्तुएं, कपड़े का कारोबार तक हो रहा है।

- **सब्जी-फल, पेय पदार्थ, चाट, दैनिक उपयोग की वस्तुएं, कपड़े का कारोबार तक हो रहा**

ज्यादातर फुटपाथों पर अस्थाई दुकानें चलने लगी हैं। नेहरू चौक से मंगला चौक तक भी सड़क के दोनों ओर फुटपाथ पर कब्जा हो गया है। इस मार्ग में फुटपाथ पर अवैध रूप से 100 से ज्यादा दुकानों का संचालन हो रहा है, जबकि नगर निगम को इसकी जानकारी है। फिर भी कब्जा हटाकर फुटपाथ को मुक्त कराने कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। सुबह के समय तो सड़क में भीड़ नहीं होने की वजह से फुटपाथ की आवश्यकता इतनी महसूस नहीं होती है। शाम को वाक करने वालों को दिक्कत होती है। शाम के समय लगभग सभी सड़कों पर यातायात का दबाव रहता है। ऐसे में सड़क पर वाक करना संभव नहीं हो पाता है।



व्यापार विहार मुख्य सड़क के किनारे फुटपाथ पर कार का बाजार चल रहा है।

### फुटपाथ पर हो रहा होटल का संचालन

निगम की बेसुध होने का आलम यह है कि संजय तरण पुष्कर के पास ही एक होटल वाले ने फुटपाथ पर कब्जा कर लिया है। जहां पर बकायदा कुर्सी टेबल तक लगा दिया गया है और नाश्ता परोसा जा रहा है। फुटपाथ के एक तरफ फेंसिंग लगा कर घेर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर गमले रख कर फुटपाथ का निजी उपयोग किया जा रहा है। जबकि संजय तरण पुष्कर में रोजाना निगम के बड़े अधिकारियों का आना जाना रहता है।

### फुटपाथ पर चौपाटी कल्चर

इसके साथ ही संजय तरण पुष्कर से 27 खोली मोड़ तक सड़क के दोनों ओर फुटपाथ पर दो दर्जन से ज्यादा फास्ट फूड की दुकानें सजती हैं। वहीं फल ठेले वालों का भी कब्जा है। ऐसे में यहां रुकने वाले लोग सड़क पर ही वाहन खड़ी करते हैं। इससे यातायात भी प्रभावित होता है। इसकी वजह से शाम के समय बार बार जाम की स्थिति बनती है। इसके साथ ही दूसरे दुकानदार भी अपना सामान फुटपाथ पर रखकर व्यापार करते हैं। वहीं कई बड़े होटल, अस्पताल भी फुटपाथ का निजी उपयोग कर रहे हैं। इनके प्रतिष्ठान के दरवाजे फुटपाथ पर ही खुलते हैं। खासतौर से 27 खोली मोड़ से लेकर मंगला चौक तक सड़क की दोनों ओर की फुटपाथ पर दुकानदारों को कब्जा है।

**यह है हालत:** सीएमडी कॉलेज चौक से विद्या नगर की ओर जाने वाले रोड की टर्निंग पर होटल वाले का कब्जा है। इसी मार्ग पर आगे कई अन्य दुकानदार अपना सामान रखने के लिए उसका इस्तेमाल कर रहे हैं। तारबाहर चौक के पास स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मारक स्थल की बाउंड्री पर अतिक्रमण हो चुका है। तालापारा में बनाए गए फुटपाथ के अधिकांश हिस्से में दुकानदार काबिज हो चुके हैं। रिंग रोड नंबर- 2 में पेट्रोल पंप के पास सुलभ शौचालय के बाजू में फुटपाथ पर एक व्यक्ति ने घर की सीढ़ियां बनवा ली हैं। सरकंडा में पाटलीपुत्रा समिति द्वारा बनाए गेट पर भी अतिक्रमणकारियों की नजर है। गेट के पिलर को कब्जे में लेते हुए वहां दुकान खोल दी गई।

### टाउन हाल और कलेक्टोरेट के पास भी कब्जा

निगम के अधिकारियों के लापरवाही का आलम यह है कि टाउन हाल के सामने की फुटपाथ पर कब्जा हो चुका है लेकिन इस ओर जरा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। समस्त सरकारी विभाग इसी रोड पर स्थित कलेक्टोरेट, एसपी कार्यालय, जिला न्यायालय, कंपोजिट भवन के साथ अन्य सरकारी विभाग संचालित हो रहे है लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी फुटपाथ को कब्जा मुक्त बनाने का प्रयास नहीं कर रहा है।

### फुटपाथों पर वाहन पार्किंग

कलेक्टोरेट के सामने, जिला कोर्ट के सामने, मंगला चौक के पास, लिंक रोड में सत्यम चौक से लेकर अग्रसेन चौक तक, तारबहार, गांधी चौक, तेलीपारा रोड में बने फुटपाथों पर वाहन पार्किंग हो रही है। जिससे लोगों की आवाजाही में बाधा पहुंचती है। उन्हें वापस सड़क पर उतरकर वाहनों के साथ-साथ चलना पड़ता है।

### लगातार की जाती है कार्रवाई

अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई हो रही है। सामान जब्ती के साथ ही पेनाल्टी भी लगाई जा रही है। फुटपाथों से भी कब्जा हटाया गया है।

- खजांची कुम्हार, अपर आयुक्त

**ननि सभापति के लिए नियुक्त किए पर्यवेक्षक**

# सभापति की दौड़ में भाजपा पार्षद भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय जनता पार्टी ने नगरीय निकाय चुनाव तहत प्रदेश के 10 नगर निगमों में जीत हासिल की है। इन निगमों में भाजपा के महापौर बने हैं, वहीं अब भाजपा में सभापति को लेकर उठापटक शुरू हो गई है। भाजपा ने बिलासपुर नगर निगम में सभापति चयन के लिए राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। दूसरी तरफ सभापति के दौड़ में भाजपा के कई पार्षदों के नाम शामिल हो गए हैं।

नगरीय निकाय चुनाव में प्रदेश के 10 नगर निगमों में भाजपा सत्ता हासिल करने में कामयाब रही है। इन सभी जगहों पर भाजपा के महापौर सीधे जनता द्वारा प्रत्यक्ष प्रणाली से निर्वाचित होकर आए हैं। महापौर सहित निर्वाचित पार्षदों के शपथ ग्रहण की तैयारी चल रही है और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव समाप्त होते ही शपथ ग्रहण होगा। इसके बाद नगर निगमों में प्रथम सम्मेलन होना है, जिसमें सभापति का चुनाव होना है। जहां पर भाजपा का बहुमत है, वहां पर तो सीधे सभापति पद पर मनोनयन हो जाएगा और जहां कशमकश वाली स्थिति होगी वहां पर सभापति के लिए वोटिंग की नौबत आएगी, इसलिए सभापति चयन के लिए भाजपा में अभी से उठापटक शुरू हो गई है और भाजपा ने सभी 10 नगर निगमों में सभापति चयन के लिए अलग-अलग पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। बिलासपुर नगर पालिक निगम में सभापति चयन के लिए पार्टी की ओर से राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय को पर्यवेक्षक बनाया गया है। पर्यवेक्षक श्री पाण्डेय जल्द ही बिलासपुर आएंगे और यहां भाजपा के मंत्री, सांसद, विधायक सहित वरिष्ठ नेताओं से चर्चा कर पर्यवेक्षक चयन की प्रक्रिया को अंतिम रूप देंगे।

### ये पार्षद हैं दौड़ में

नगर निगम में सभापति के दौड़ में भाजपा के सीनियर पार्षदों का नाम चल रहा है। चूंकि महिला महापौर एल पदमजा पूजा विधानी जीतकर आई है। इसलिए सभापति किसी पुरूष पार्षद को बनाया जा सकता है। इसमें मुख्य रूप से बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र और बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचित पार्षद हो सकते हैं। बेलतरा क्षेत्र से ज्यादतर नए लोग जीतकर आए हैं इसलिए बिलासपुर विधानसभा अंतर्गत वार्डो से जीतकर आए सीनियर पार्षदों की संभावना अधिक है। सभापति के लिए जो नाम दौड़ में हैं उनमें बंधु मौर्य, विनोद सोनी, विजय ताम्रकार, श्याम साहू, तिलक साहू जैसे नाम शामिल हैं।

### पिता बहन के साथ मारपीटः अपराध दर्ज

**बिलासपुर।** व्यवसाय करने के लिए बोलने पर युवक ने अपने पिता व बहन के साथ जमकर मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावर बेटे के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कुदूदण्ड निवासी छेलीलाल गुप्ता पिता स्व. रघुनंदन प्रसाद गुप्ता भारतीय स्टेट बैंक मेन ब्रांच के रिटायर्ड कर्मचारी हैं। 21 फरवरी को दोपहर 1.30 बजे उन्होंने अपने बेटे नरेन्द्र गुप्ता उर्फ गुड्डा से कहा तुम्हारे लिए दुकान खोल दिया हूं कुछ कामधाम करो। इस बात से नाराज होकर नरेन्द्र ने कहा इकलौता बेटा हूं, मुझे कमाने की आवश्यकता नहीं है, कहकर उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हाथ में पकड़े छाते से मारपीट करने लगा। उनकी बेटी सुषमा बीच बचाव करने आई तो उनके साथ भी मारपीट की गई है। पुलिस ने श्री गुप्ता की रिपोर्ट पर हमलावर बेटा नरेन्द्र के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया — डायरेक्टर, MBBS,MS, नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया — को-डायरेक्टर, MBBS,MS, नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

डिंपल्स कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फोन : 9827143060/8871003060

# टर्मिनल बिल्डिंग व नाइट लैंडिंग का काम पिछड़ा, कलेक्टर से समिति ने की अपील

**बिलासपुर।** टर्मिनल बिल्डिंग के विस्तार और नाइट लैंडिग के पिछड़ते सिविल कार्य को देखते हुए संघर्ष समिति ने कलेक्टर से अपील की है। आचार संहिता हटते ही काम में तेजी लाने की मांग की गई है।

हवाई जन संघर्ष समिति ने बताया कि आवश्यक कार्य अपने निर्धारित शेड्यूल से पीछे चल रहे हैं। सदस्यों ने कहा कि टर्मिनल भवन विस्तार का टेंडर तक नहीं लगाया गया है, ऐसे में इसके निर्माण में विलंब होना तय है। डीवीओआर व नाइट लैंडिंग मशीन स्थापित करने के लिए कक्ष निर्माण अधूरा है। इलेक्ट्रिकल कार्य का रिटेंडर किया जाना है। समिति ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन ने कलेक्टर बिलासपुर को एयरपोर्ट के विकास के लिए मुख्य अधिकारी बनाया है, ऐसे में एयरपोर्ट में सुविधाओं के विस्तार और निर्माण के लिए उन्हें प्रयास करना होगा। धरने में रामशरण यादव, अशोक भंडारी, रवि बनर्जी, मनोज तिवारी, बद्री यादव, दीपक कश्यप, प्रियंका यादव, चंद्र प्रकाश जायसवाल, अनिल गुलहरे, पवन पांडे, मोहसिन अली, अखिल अली, और सुदीप श्रीवास्तव उपस्थित थे।



# रेलवे स्टेशनों में प्याऊ खोलने समाजसेवी संस्थाओं को किया जा रहा प्रोत्साहित

**बिलासपुर।** गर्मी के दिनों में पानी की अधिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर मंडल रेल प्रशासन ने रेलवे स्टेशनों पर साफ एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था वॉटर कूलर एवं वॉटर नल के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है।

रेलवे प्रशासन ने स्टेशनों में पेयजल की अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति के लिए निःशुल्क प्याऊ खोलने के लिए समाजसेवी संस्थाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मंडल के विभिन्न स्टेशनों में यात्रियों को स्वच्छ एवं शीतल जल पिलाने के लिए प्याऊ खोलने के इच्छुक संस्थानों/व्यक्ति मंडल वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ वाणिज्य लिपिक स्वप्निल अथवा के. पवन कुमार से संपर्क कर सकते हैं। समाजसेवी संस्थाओं को स्टेशन परिसरों में प्याऊ संचालन के लिए तुरंत अनुमति प्रदान की जाएगी।

हरिभूमि आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# पालतू कुत्ते के दौड़ाने पर मालिक से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पालतू कुत्ते के दौड़ाने पर युवकों ने मालिक के साथ मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, अशोकनगर डीएलएस कालेज मुरूम खदान निवासी शिव ध्रुव पिता धन्नू ध्रुव 21 फरवरी को रात 11 बजे घर के पास खड़े थे। इसी दौरान गौरव साहू अपने साथी विशाल साहू, डैनी साहू के साथ जा रहा था। उनका पालतू कुत्ता दोनों युवकों को देखकर भौंकते हुए दौड़ाने लगा। इस बात पर युवकों ने कुत्ते को दौड़ाया कहकर उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, लाठी से मारपीट की है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
21 मार्च से 01 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025,
09 मई से 20 मई 2025, 23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 24,500/-, 2 एसी 29,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport